

दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



MPHIN/2021/83938

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 129 | ग्वालियर,19 जनवरी शुक्रवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

रामलला प्राण प्रतिष्ठा- केंद्र सरकार के दफ्तरों के साथ इन राज्यों में भी हाफ डे छुट्टी, 22 जनवरी को बैंकों में भी आधे दिन होगा काम

राम मंदिर उद्घाटन को लेकर अयोध्या तैयार है. रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर तैयारी जोर-शोर से चल रही है. इस बीच मोदी सरकार ने गुरुवार को ऐलान किया कि केंद्र सरकार के सभी कार्यालय आधे दिन के लिए बंद रहेंगे.वहीं एबीपी न्यूज को सूत्रों ने बताया कि बीजेपी शासित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भी 22 जनवरी को आधे दिन का अवकाश रहेगा. साथ ही बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने चीफ जस्टिसडीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर देश भर की सभी कोर्ट में छुट्टी घोषित करने का अनुरोध किया.

केंद्र सरकार क्या कहा–कार्मिक मंत्रालय ने केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को जारी आदेश में कहा, ÷अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश्न 22 जनवरी 2024 को पूरे भारत में मनाया जाएगा. इस उत्सव में कर्मचारी भाग ले सकें, इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि पूरे भारत में केंद्र सरकार के सभी कार्यालय, केंद्रीय संस्थान और केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठान 22 जनवरी 2024 को दोपहर ढाई बजे तक आधे दिन के लिए बंद रहेंगे.केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए कहा, ÷इसे लेकर देशभर में जनता की काफी मांग थी. 22 जनवरी को केंद्र सरकार के कार्यालयों को आधे दिन के लिए बंद करने का निर्णय जनभावनाओं को देखते हुए लिया गया है.÷

बैंक भी रहेंगे बंद –बैंक, बीमा कंपनियां और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर आधे दिन का अवकाश रहेगा. वित्त मंत्रालय की एक अधिसूचना में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग का आदेश सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों और आरआरबी पर भी लागू होगा ताकि कर्मचारी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग ले सकें.

रेलवे ने दिया रामभक्तों को तोहफा, प्राण प्रतिष्ठा समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग देख सकेंगे

अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में उत्साह का माहौल है. सरकार इस मौके को यादगार बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है. इस बीच भारतीय रेलवे यात्रियों के लिए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग का इंतजाम कर रही है.एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि रेलवे यात्रियों को अयोध्या से रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग की सुविधा प्रदान करेगा. इसके लिए देश भर के रेलवे स्टेशनों पर कम से कम 9000 स्क्रीन लगाए जाएंगे.

केंद्र ने किया हाफ डे का ऐलान–यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब सरकार ने केंद्र के अन्तर्गत आने वाले दफ्तरों में हाफ डे की घोषणा की है, ताकि केंद्र सरकार के कर्मचारी भी इस प्रोग्राम को लाइव देख सकें. बता दें कि केंद्र के तहत आने वाले सभी ऑफिस और संस्थाएं 22 जनवरी के दिन दोपहर 2:30 बजे तक बंद रहेंगे. इस संबंध में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा कि 22 जनवरी को केंद्र सरकार के कार्यालयों की आधे दिन की छुट्टी का फैसला जनभावनाओं को देखते हुए लिया गया है. इसे लेकर देशभर में जनता की काफी मांग थी.

दूरदर्शन पर होगा समारोह का प्रसारण–इसके पहले अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मीडिया कवरेज और सीधे प्रसारण पर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया था. केंद्रीय और सूचना प्रसारण मंत्रालय ने 15 जनवरी को कहा था कि समारोह का प्रसारण दूरदर्शन, डीडी न्यूज और डीडी नेशनल चैनलों पर किया जाएगा.मंत्रालय ने कहा था कि प्राण प्रतिष्ठा के अगले दिन 23 जनवरी को दूरदर्शन राम मंदिर में होने वाली आरती और मंदिर खुलने का सीधा प्रसारण करेगा. इस फैसले से लाखों भक्तों को अयोध्या के बाहर भी रामलला के दर्शन करने का मौका मिलेगा.

एक नजर

दिल्ली के पीतमपुरा में भीषण हादसा, घर में आग लगने से 5 लोगों की मौत

दिल्ली के पीतमपुरा में गुरुवार (18 जनवरी) को एक घ में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया. दिल्ली पुलिस के मुताबिक, घटना में पांच लोगों की मौत हो गई है. आग शाम को लगी थी.न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि एक व्यक्ति लापता है. अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि पीतमपुरा के जिला परिषद ब्लॉक से रात आठ बजे आग लगने की सूचना मिली और दमकल की आठ गाड़ियों को काम पर लगाया गया.दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है और कूलिंग ऑपरेशन चल रहा है.

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के खिलाफ असम में FIR, क्या है आरोप?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के खिलाफ गुरुवार (18 जनवरी, 2024) को असम पुलिस ने एफआईआर दर्ज की. न्यूज एजेंसी पीटीआई ने पुलिस अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी.अधिकारी ने कहा कि यात्रा के रूट में बदलाव की वजह से राज्य के जोरहाट शहर में प्राथमिकी दर्ज की गई है. इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी रूट को लेकर चेतावनी दी थी. उन्होंने कहा, हमने कहा है कि शहरों के अंदर से नहीं जाना है. मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग होम है. ऐसे में जो भी वैकल्पिक रास्ता मांगा जाएगा उसकी अनुमति दे दी जाएगी, लेकिन अगर शहर के अंदर से जाने की जिद्द की जाएगी तो हम पुलिस की व्यवस्था नहीं करेंगे. मैं केस दर्ज कर लूंगा और बाद में दो से तीन महीने की सुनवाई के बाद हम गिरफ्तार कर लेंगे.भारत जोड़ो न्याय यात्रा नगालैंड के बाद असम में आज ही पहुंची. इस दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शिवसागर जिले में दावा किया कि देश में शायद सबसे भ्रष्ट सरकार और सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री (हिमंत बिस्व सरमा) इस राज्य में है.

राहुल गांधी ने क्या कहा–राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, असम पहुंच कर उतना ही प्यार मिला जितना मणिपुर और नगालैंड के लोगों से मिला था. हमारी इस यात्रा का लक्ष्य आपकी पीड़ा, आपके मुद्दों और आपके साथ हो रहे भयंकर अन्याय को करीब से समझना है.उन्होंने कहा, असम सरकार बीजेपी रूपी नफरत की खाद से उपजी भ्रष्टाचार की फसल है. असम का मुख्यमंत्री हिंदुस्तान का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री है, जिसका सिर्फ एक काम है नफरत की आड़ में जनता का पैसा लूटना. पैसों की ताकत असम के लोगों की शक्ति को कभी हरा नहीं सकती. हमें इस अन्याय से लड़ कर ऐसा असम बनाना है जहां हर हाथ रोजगार हो और जिसकी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक वैभव सदा संपन्न रहे.

पहाड़ों पर बर्फबारी तो मैदानी इलाकों में सर्द हवा, जानें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन कैसा रहेगा मौसम?

उत्तर भारत में सर्दी का सितम जारी है. लोगों को अब तक ठंड से राहत नहीं मिल पा रही है. मौसम विभाग ने अगले 2 दिनों तक उत्तर भारत में घना कोहरा और कड़ाके की ठंड की संभावना जताई है. हालांकि, उसके बाद कोहरे में कमी आने की संभावना है. वहीं, 22 जनवरी यानी रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम वाले दिन लोगों को सर्दी से राहत मिलती नहीं दिख रही है.मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और पंजाब में अगले दो दिन लोगों को ठंड से कोई राहत नहीं मिलेगी. साथ ही घना कोहरा छाया रहेगा. 19 जनवरी को इन सभी राज्यों में कमोबेश आज (18 जनवरी) जैसी ही स्थिति बने रहने की उम्मीद है. मौसम विभाग ने बताया कि 19 और 20 जनवरी को पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में घना कोहरा और कड़ाके ठंड पड़ने की संभावना है. 22 जनवरी को इन राज्यों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना आईएमडी ने कहा कि 22 जनवरी को बिहार, यूपी, पंजाब और हरियाणा में तापमान के बढ़ोतरी होने की संभावना है. हालांकि, यहां घना कोहरा छाया रहेगा. गौरतलब है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले मौसम विभाग ने गुरुवार (18 जनवरी) को मौसम संबंधी जानकारी के लिए अपनी वेबसाइट पर एक वेब पेज की शुरुआत की है.वेबपेज पर मिलेगी अयोध्या के मौसम की जानकारीइस वेबपेज की शुरुआत अयोध्या और आसपास के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए मौसम संबंधी जानकारी देने के लिए की गई है. वेबपेज के जरिए दुनिया भर में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं, जैसे हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, चीनी, फ्रेंच और स्पेनिश में तापमान, बारिश, और हवा के पैटर्न सहित सभी मौसम मापदंडों की जानकारी दी जाएगी. इस पेज पर अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ और नई दिल्ली सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों के मौसम की जानकारी भी उपलब्ध होगी. उत्तराखंड में बर्फबारी का अलर्टइससे पहले आईएमडी ने जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड में बर्फबारी का अलर्ट जारी किया था. पिछले 24 घंटों के दौरान पंजाब के अधिकांश स्थानों में और हरियाणा के कुछ स्थानों में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री के आस-पास दर्ज किया गया और दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश और बिहार के अधिकांश हिस्सों में तापमान 7 से 10 डिग्री के बीच रहा.

बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय का शिवपाल यादव पर वार, कोई कह रहा है गोली चली वो अच्छी बात है, तो...

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर राजनीति जोरों शोरों से चल रही है. इस बीच बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय ने समाजवादी पार्टी (सपा) नेता शिवपाल यादव के बयान पर पलटवार किया. उन्होंने कहा, ÷मुझे नहीं पता कि उस समय की क्या स्थिति थी और किस परिस्थिति में वहां गोली चली, लेकिन किसी भी परिस्थिति में गोली चलना और आदमी के जीवन का नुकसान होना दुर्भाग्यपूर्ण है.÷उन्होंने कहा, ÷साल 1990 की बात को कोई आज दोहरा रहा है और कह रहा है कि गोली चली वो अच्छी बात थी, इसका मतलब ये बात पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है. देश पहले से घायल है और ऐसी स्थिति में इस तरह की बयानबाजी करना दुर्भाग्यपूर्ण है.÷

भागवान राम के कितने रूप–इस दौरान उन्होंने कहा, ÷भगवान राम के तीन रूप हैं. एक तो निर्गुण निराकार रूप में राम श्रष्टि के कण-कम में व्याप्त हैं, जिन्हें ब्रह्म कहते हैं. वे सच्चिदानंद हैं, लेकिन हमारे बहुत काम के नहीं हैं. वे ज्ञानियों के लिए हैं. राम का दूसरा स्वरूप परमात्मा का है, वे चतुर्भुज रूप से वैकुंठ में विराजमान हैं. इस रूप का नाम है धाम, लेकिन कोई लीला नहीं है.÷तीसरा रूप जब अवध में कौशल्या के कोख से अवतरित होते हैं उस राम को हम भगवान के रूप में जानते हैं. उनका नाम है, रूप है, गुण है, धाम है, उनकी लीला है, जिसे गाकर भक्त पार पाते हैं.÷शिवपाल यादव ने दिया था विवादित बयानससे पहले सपा नेता शिवपाल यादव ने बयान दिया था कि संविधान की रक्षा करने के लिए उस समय कारसेवकों पर गोली चलवाई गई थी. उन्होंने कहा, उस समय कोर्ट ने जस की तस स्थिति बनाने की बात कही थी, इस वजह से गोली चलवाई गई. इससे पहले सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी कारसेवकों पर हुई फायरिंग को सही ठहराया था.

संसद सुरक्षा चूक के मामले में आरोपी नीलम आजाद को नहीं मिली जमानत, कोर्ट ने खारिज की याचिका

संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में आरोपी नीलम आजाद की जमानत अर्जी पटियाला हाउस कोर्ट ने गुरुवार (18 जनवरी, 2024) को खारिज कर दी. अतिरिक्त सत्र जस्टिस हरदीप कौर ने आजाद को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि इस स्तर पर उन्हें राहत देना सही नहीं होगा.दिल्ली पुलिस ने नीलम आजाद की जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कोर्ट में मंगलवार (16 जनवरी) को कहा था कि वह भारत की संप्रभुता और अखंडता को बाधित करने के काम में शामिल थीं. नीलम ने जमानत अर्जी में दावा किया है कि जांच के लिए अब उनकी जरूरत नहीं है और उन्हें हिरासत में रखने से किसी उद्देश्य कर पूर्ति नहीं होगी.वहीं पुलिस ने अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि जांच चल रही है

मेरी झोपड़ी के भाग्य..., राम भक्ति में लीन सीमा हैदर ने गाया भजन

अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं. राम मंदिर निर्माण को लेकर लोगों में खुशी का माहौल है. इस बीच पाकिस्तान से आई सीमा हैदर भी राम भक्ति में लीन दिखीं. उन्होंने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में आयोजित एक समारोह में न केवल जय श्रीराम का नारा लगाया बल्कि भजन भी गाया.सीमा ने कहा, ÷मैं राम मंदिर से बेहद खुश हूं और भगवान ने चाहा तो हम बहुत जल्दी राम मंदिर जाएंगे.÷ बता दें कि ग्रेटर नोएडा के रघुपुरा में महाराणा प्रताप सेना सनातन धर्म जन जागरण यात्रा निकाली. इस यात्रा के तहत लोगों को हनुमान चालीसा बांटी गई.इस यात्रा में सीमा हैदर और उनके पति सचिन मीणा भी शामिल हुए . इसके अलावा यात्रा में सीमा हैदर के वकील एपी सिंह ने भी हिस्सा लिया. समारोह में जहां सीमा हैदर ने मेरी झोंपड़ी के भाग्य खुल जाएंगे, राम आएंगे भजन गाया तो वहीं उनके बेटे ने हनुमान चालीसा सुनाया. 22 जनवरी के दिन क्या करेंगी सीमा?यूपी तक से बात करते हुए सीमा हैदर ने बताया कि 22 जनवरी के दिन को वह त्योहार की तरह मनाएंगीं. उस दिन वह घर सजाएंगी और दीये भी जलाएंगी. उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उन्होंने खास तैयारियां कीं हैं. सीमा ने बताया कि वह राम मंदिर के अलावा अपने पति सचिन के साथ मथुरा और वृंदावन भी जाना चाहतीं हैं.

कल्पना भी नहीं कर सकते, हवाई यात्रियों ने एयरपोर्ट पर जमीन पर खाया खाना तो बोले ज्योतिरादित्य सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि वह कल्पना भी नहीं कर सकते हैं कि विमान को पार्किंग स्टैंड क्यों आवंटित नहीं किया गया. हाल में एक घटना सामने आई थी जब मुंबई एयरपोर्ट पर विमान यात्रियों को जमीन पर बैठे और खाना खाते हुए देखा गया था.हैदराबाद में नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार (18 जनवरी) को कहा कि हवाई यात्रियों का टरमैक पर खाना खाना अस्वीकार्य, शर्मनाक है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिक है.केंद्रीय मंत्री का यह बयान नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की ओर से इंडिगो पर 1.2 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के बाद आया है. विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने भी मुंबई हवाई अड्डा अथॉरिटी की खिंचाई की है और 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है.ज्योतिरादित्य सिंधिया का बयान उत्तर भारत में घने कोहरे के कारण खराब एयरलाइन सेवाओं और फ्लाइट्स की देरी पर हंगामे की पृष्ठभूमि में भी आया है. उन्होंने कहा कि सिविल एविएशन इकोसिस्टम देशभर में लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए जुटकर काम कर रहा है.

समन पर नहीं गए सीएम केजरीवाल, क्या बोले?

दिल्ली शराब नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार (18 जनवरी) भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए. ईडी ने उन्हें चौथी बार इस केस में पेश होने के लिए समन भेजा था. हालांकि, पिछले तीन बार की तरह ही इस बार भी केजरीवाल जांच एजेंसी के दफ्तर नहीं पहुंचे. ईडी के दफ्तर जाने के बजाय मुख्यमंत्री त्यागराज स्टेडियम में आयोजित एक्सीलेंस इन एज्युकेशन अवार्ड के कार्यक्रम में पंहुचे.इस बात की पहले से ही उम्मीद जताई गई थी कि दिल्ली के सीएम चौथी बार भी ईडी के समन पर उसके दफ्तर नहीं जाएंगे. क्योंकि 18 जनवरी से लेकर 20 जनवरी तक उनका गोवा में तीन दिवसीय चुनावी दौरा पहले से ही प्रस्तावित था. वह लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गोवा में पार्टी की तैयारियों का जायजा लेने वाले हैं. हालांकि. उन्होंने इस बार ईडी को एक चिट्ठी भेजी है. इसमें सीएम ने एजेंसी के बार-बार समन भेजने को लेकर सवाल उठाए हैं.

प्रचार से रोकने के लिए भेजा जा रहा समन–इस संबंध में आम आदमी पार्टी (क्क) ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए समन भेजा जा रहा है. बीजेपी का मकसद दिल्ली के सीएम को गिरफ्तार करवाना है.क्क ने दावा किया है कि ईडी ने कहा है कि केजरीवाल आरोपी नहीं हैं, लेकिन फिर भी वह बार-बार समन भेज रही है.

भ्रष्ट नेता बीजेपी में चले जाते हैं–अरविंद केजरीवाल का कहना है कि भ्रष्ट नेता बीजेपी में चले जाते हैं, जैसे ही वह बीजेपी में शामिल होते हैं, उनके खिलाफ चल रहे मामलों को बंद कर दिया जाता है. हमने भ्रष्टाचार नहीं किया है, हमारा कोई नेता बीजेपी में नहीं जाएगा.

बीजेपी ने केजरीवाल पर साधा निशाना–वहीं, इस पूरे मामले पर बीजेपी ने अरविंद केजरीवाल और क्क पर फिर सवाल उठाए. बीजेपी नेता गौरव भाटिया ने कहा कि सर्दी में अरविंद केजरीवाल के पसीने निकल रहे है. ईडी ने उन्हें चौथा समन भेजा, लेकिन अरविंद केजरीवाल एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए. उनमें ईडी के सामने पेश होने की हिम्मत नहीं है.गौरव भाटिया ने कहा कि जिसके डीएनए में आराजकता है वह अरविंद केजरीवाल हैं. अरविंद केजरीवाल जान गए हैं कि उनका भविष्य अंधकार में है. वह बचने वाले नही है. अगर कोई घोटला करोगे तो बख्शा नहीं जाएगा.

यह बीजेपी का समन है–ार में कैबिनेट मंत्री और क्क के वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि जब ईडी का पहला समन सीएम को आया था तब हमने कहा था कि ये ईडी का नहीं बीजेपी का समन है. आतिशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि ईडी की स्क्रिप्ट बीजेपी दफ्तर में लिखी जाती है. आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की 500 से ज्यादा अफसरों ने जांच की, लेकिन उन्हें एक पैसा नहीं मिला. दो साल की जांच के बाद सीएम को समन पर समन भेजा जा रहा है.

सूर्या फाउंडेशन प्रत्येक वर्ष खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करती है जिससे युवाओं को मानसिक बौद्धिक शारीरिक के सम्पूर्ण विकास के लिए प्रेरित करती है।

सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के द्वारा मध्य प्रदेश के भिंड जिला के मालनपुर में वार्षिक ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री तपन बंदोपाध्याय , विशिष्ट अतिथि श्री प्रमोद आसरे सुर्या फाउंडेशन आदर्श गाँव योजना प्रमुख , अतिथि मुकुल चतुर्वेदी (॥ह्स्र त्तरू सुर्या रोशनी लिमिटेड मालनपुर) श्री सौरभ भार्गव ष्ष्श सुर्या रोशनी मालनपुर , श्री मुकेश राय ॥क्र ष्ठत्तरू सुर्या स्टील डिवीड़न मालनपुर , श्री प्रमोद आसरे ने कहा कि युवाओं को नशा मुक्त व राष्ट निर्माण से जुड़ने का बहुत ही उत्तम मार्ग है युवाओं को खेल के प्रति अच्छे अवसर मिल रहे है सुर्या फाउंडेशन के माध्यम से आज हड़ारो युवाओं को अन्य विभिन सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में भाग ले कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है उन्होंने वॉलीबॉल टीम को अग्रिम बधाई दी कि अपने क्षेत्र का रोशन कर के आये सुर्या फाउंडेशन इस वर्ष हरियाणा प्रान्त के झिझोली में राष्टीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा श्री तपन जी ने कहा ग्रामीण युवाओं में बहुत प्रतिभा है इस प्रकार के आयोजन में बड़ चड़ कर भाग लेना चाहिए ताकि खेल में अधिक अवसर प्राप्त हो । मुकुल चतुर्वेदी ने अपने उधोबधन मे कहा को भारत अब युवाओं का देश है जिसे खेल स्तर व अच्छे साहसी उद्यमी भी राष्ट को मिले है हो रास्त्र के विकास में प्रमुख भूमिका निभा रहे है । कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व मैडल दे सम्मानित किया गया एव विजेताओं को ट्रॉफी व पुरुस्कार दे कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में अपने अपने टीम के उत्साह वर्धन के लिए ग्रामीणों से दर्शक भी उपस्थित रहे। सुर्या फाउंडेशन वरिष्ठ कार्यकर्ता शिव कुमार ,अशोक कुमार ,रवि तिवारी ,नरसिंह तोमर व स्थानीय कार्यकर्ता , सेवाभावी उपस्थित रहे ।

राम साहित्य में जीवन मूल्य आज के युवाओं के लिए प्रासंगिक.. डॉ. अभिलाषा श्रीवास्तव

केशब पंडित जी अम्बाह

अम्बाह ... स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबाह में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक क्लब द्वारा निबंध लेखन, स्वरचित कहानी लेखन और स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्लब प्रभारी डॉ. अभिलाषा श्रीवास्तव ने कहा कि आज चहुं दिशा में राम लहर चल रही है श्री राम को सदा हृदय में रखते हुए आज के युवा को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए जिससे देश का भविष्य, देश का युवा एक सुसंस्कृत नागरिक बने क्योंकि राम साहित्य में जीवन मूल्य आज के युवाओं के लिए प्रासंगिक है और इसी को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिताओं के विषय चुने गए।दिनांक 17/01/2024 को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था ÷राम साहित्य में जीवन मूल्यों की प्रासंगिकता÷ जिसमें खुशबू दुबे ने प्रथम, रमन तोमर ने द्वितीय और हिमांशी परमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।दिनांक 18/01/2024 को स्वरचित कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर खुशबू दुबे, द्वितीय श्वेता श्रीवास एवं तृतीय स्थान पर दीक्षा शर्मा रहीं।दिनांक 18/01/2024 स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें देवेश शर्मा ने प्रथम, सौम्या शर्मा ने द्वितीय और हिमांशी परमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में डॉ.पूर्णिमा अग्रवाल एवं प्रो.गिरिजा शर्मा उपस्थित रहीं।कार्यक्रम में बहुत बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे जिसमे क्लब के अध्यक्ष पियूष शर्मा, कोषाध्यक्ष अरुण किरार और सह सचिव दीक्षा शर्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन क्लब प्रभारी डॉ.अभिलाषा श्रीवास्तव ने किया एवं क्लब की सहप्रभारी प्रो.नीता सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार प्रदर्शन किया।

बालाजी गौशाला मे एक लाख रुपये गौदान के रूप देकर पुन्य कार्य किया: गौतमचंद कटारिया

दैनिक पुष्पाजंली टुडे

बेंगलुरू- बैंगलुरु इलेक्ट्रॉनिक सिटी निवासी शहर के जाने माने प्रॉपर्टी डीलर समाज सेवी गौ भक्त गौतमचंद कटारिया ने पुत्री निशा का विवाह संचेती परिवार के पुत्र नितिन के साथ धूमधाम से पैलेस ग्राउंड बैंगलुरु मे सम्पन्न हुआ नवदंपति को आशीर्वाद दिया। मरूधर मे देवली कलां निवासी प्रॉपर्टी डिलर गौतमचंद कटारिया समाज मे विशेष दान पुन्य मे भाग लेते हैं। विवाह के उपलक्ष्य मे देवली कला स्थित बावडी वाले बालाजी गौशाला मे एक लाख रुपये कि गौदान के रूप देकर पुन्य कार्य किया। विभिन्न समाज के प्रतिनिधियो ने भाग लिया जिसमें संचेती परिवार बिलावास और कटारिया परिवार के लोग उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक संघ गुजरात ध्येय मंत्रों में झलकता, सत्व भारत का वार्षिक कैलेंडर जारी किया गया

कैलेंडर पूरे गुजरात में परिवारों और स्कूलों से संगठन का परिचय कराएगा

ब्यूरो रीपोर्ट दैनिक पुष्पांजली टुडे

गुजरात। आज अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा संघ प्रांत अध्यक्ष भीखाभाई पटेल, महामंत्री मितेशभाई भट्ट, कोषाध्यक्ष रमेशभाई चौधरी, अतिरिक्त महामंत्री परेशभाई पटेल ने गांधीनगर स्वर्णिम कॉम्प्लेक्स -1 और 2 का दौरा किया और इस वर्ष एबीआरएसएम द्वारा प्रकाशित कैलेंडर का विमोचन किया माननीय शिक्षा मंत्री श्री डॉ. कुबेरभाई डिंडोर साहब, शिक्षा मंत्री श्री राज्य कक्षा प्रफुल्लभाई पानशेरिया साहब, वित्त मंत्री श्री कनुभाई देसाई साहब, उद्योग मंत्री श्री बलवंतसिंह राजपूत साहब, शिक्षा सचिव श्री डॉ. विनोद राव साहब द्वारा किया गया। कैलेंडर पूरे गुजरात में परिवारों और स्कूलों से संगठन का परिचय कराएगा

कन्नड़ चैलेंजिंग स्टार फिल्म अभिनेता दर्शन ने महेंद्रसिंह राजपुरोहित जन्मदिन की दी बधाई

दैनिक पुष्पाजंली टुडे

मड्डुया-रोटरी क्लब बन्नूर के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी डॉ महेंद्रसिंह राजपुरोहित ने अपना 47 वां जन्मदिन हलेकमपैयानाहुडी स्थित दर्शन टोटा फार्म हाउस पर धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में कन्न? फिल्म अभिनेता दर्शन, कॉमेडियन चिक्कन्ना, एसएस सूरत, शिवन्ना, हरीश नायडू, सुरेश, नागराजु राचेय्या मौजूद थे। दर्शन ने केट काटकर सभी को मुह मिठा कराया। महेंद्रसिंह राजपुरोहित ने प्रात- मॉ सामुन्डि माता मम्दिर में माता के दर्शन करके पूजा-अर्चना की ।

मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में खरगोन पुलिस ने चलाया विशेष सफाई अभियान

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजुलि टुडे

खरगोन पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा डीआरपी लाइन में सफाई कर आरम्भ किया सफाई अभियान ।

जिले के समस्त अनुभाग के थानों/चौकियों एवं कार्यलयों पर पुलिस बल द्वारा किया गया सफाई कार्य।

आगामी 22 दिसंबर को उत्तरप्रदेश के अयोध्या स्थित नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर दीवाली स्वरूप उत्सव मनाने के पूर्व चलाया सफाई अभियानमाननीय मुख्यमंत्री महोदय डॉ. श्री मोहन यादव जी द्वारा राज्य स्तर पर शासकीय भवनों, कार्यालयों, परिसर इत्यादि में विशेष सफाई अभियान संचालित किए जाने संबंधी निर्देश जारी किए गए थे । उक्त निर्देशों के अनुपालन में शासन स्तर पर दिनांक 16.01.2024 से 21.01.2024 तक संपूर्ण राज्य में सफाई अभियान चलाने और शासकीय भवनों, कार्यालयों, आवासीय परिसरों इत्यादि की साफ - सफाई के संबंध में व्यापक अनुदेश जारी किए गए थे । प्राप्त अनुदेशों के क्रम में पुलिस महानिदेशक महोदय श्री सुधीर सक्सेना जी मार्गदर्शन में आज दिनांक 18.01.2024 को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक/ पुलिस महानिरीक्षक इंदौर (ग्रामीण) ज़ोन श्री राकेश गुप्ता जी के मार्गदर्शन में खरगोन जिले के थाना/चौकियों एवं शासकीय पुलिस कार्यलयों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस कप्तान श्री धर्मवीर सिंह जी द्वारा अपने अधिनस्तो के साथ डीआरपी लाइन में साफ - सफाई, मालखाना सफाई, फाइलों और रिकॉर्ड का संधारण तथा आवासीय परिसर की सफाई की। उक्त सफाई अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री तरुणेंद्र बघेल, रक्षित निरीक्षक श्री भारत सिंह यादव सहित लगभग 100 पुलिस अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

वर्ष भर में चार नेशनल लोक अदालतों का होगा आयोजन

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का पक्षकारों के बीच आपसी सुलह समझौते के आधार पर निराकरण के उद्देश्य से नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2024 में सभी न्यायालयों में चार नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। अतिरिक्त सचिव मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मनोज कुमार सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 मार्च, 11 मई, 14 सितंबर तथा 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जायेंगी। लोक अदालत में प्रकरणों का पक्षकारों के बीच आपसी सहमति से निराकरण हो जाने से उन्हें न्यायालय के चक्कर नहीं लगाना पड़ता है । ना तुम हारे ना हम जीते की तर्ज पर लंबित प्रकरण का निराकरण होने से पक्षकारों को मानसिक शांति मिलती है और आर्थिक रूप से भी उन्हें परेशान नहीं होना पड़ता है।

खरगोन के उल्मा ने डीजे बाजों पर लगाई रोक उल्मा की तन्ड़िम ने लिया फैसला, डीजे बाजे वाली शादियों में निकाह नहीं पड़ायेंगे उलेमा

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

खरगोन (नि.प्र.) खरगोन मुस्लिम समाज में दीन (धर्म) के मुताबिक शादियों को बड़ावा देने, ड़िज़ूलखर्ची, नाच-गाना, डीजे पर रोक लगाने की पहल शुरू की गई है। यह निर्णय गुरुवार को शहर के तमाम उल्म-ए-किराम ने तंजिम उल्मा व हुड़्ड़ाड़ के मातहत हुई बैठक में लिया गया। रामेश्वर टाकीज क्षेत्र स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में तंड़ीम अध्यक्ष मुड़्ती मुसअब जिलानी ने बताया कि अब शादियों में डीजे बाजे बजाने वालों पर पाबंदी लगाई है, जो लोग कहीं पर भी शादी के मौके पर डीजे बाजे बजाएंगे उनका निकाह कोई भी उल्मा नहीं पड़ायेगा और नही किसी बाहर से आने वाले उल्मा को पड़ाने देंगे अगर कोई पड़ाता है, तो तंड़ीम उसके ख़िलाड़ सड़्त कार्रवाई करेगी, और अवाम भी तंड़ीम का साथ दे, तंड़ीम ने फैसला यह भी लिया, अब मुस्लिम समाज में जितने भी निकाह होंगे, वह सब मस्जिद में होंगे, मस्जिद के अलावा कहीं पर भी अन्य जगह निकाह नहीं पड़ाया जाएगा, इसी तरह शादी ब्याह में या आमतौर पर जुआ, सट्टा, ष्शराब (दारू) वगैरा पर भी पाबंदी लगाई है, शादी ब्याह में इस्लाम और शरीयत के ख़िलाड़ होने वाले कामों में उल्म-ए-किराम शरीड़ नहीं होंगे शरियत से हटकर की जा रही शादी और बेजा रुसुमत के लिए तंजीम के द्वारा मुहल्ला कमेटी बनाकर मस्जिद के इमामों से रोक लगवाई जाएगी।इस मीटिंग में मौजूद उल्मा मुड़्ती तारीक, मुड़्ती इरफान, मुड़्ती मोइज, मुड़्ती षोएब, हाफिड़ रियाड़ अन्य मौजूद रहे। खरगोन शहर के उल्मा इकराम ने यह बहुत ऐहम फैसले लिए हैं, जो सभी मुस्लिम समाज के लोगों पर लागू होते हैं, तंड़ीम के नायब सदर मुड़्ती तारीक साहब मीटिंग में उल्म-ए-किराम ने खरगोन शहर की आवाम से भी अपील की है कि वह तंजीम के द्वारा लिए गए फैसलों पर मुकम्मल तौर पर अमल करें ।

26 जनवरी को कलेक्टर श्री शर्मा करेंगें ध्वजारोहण

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को खरगोन जिला मुख्यालय में मुख्य समारोह डीआरपी लाईन में आयोजित किया जायेगा। मुख्य समारोह में कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा और परेड की सलामी ली जायेगी। मुख्य समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगें और विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं पर आधारित झांकियां निकाली जायेंगी

22 जनवरी को खरगोन जिले में शुष्क दिवस घोषित

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर में स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया जाएगा। इसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा ने 22 जनवरी को खरगोन जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। 22 जनवरी को जिले की सभी मदिरा दुकानें एवं भाण्डागार बंद रहेंगे और इनके मदिरा का क्रय, विक्रय एवं परिवहन प्रतिबंधित रहेगा।

22 जनवरी को सामाजिक एवं धार्मिक सद्भाव के साथ मनाया जाएगा अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

शांति समिति की बैठक में सभी सदस्यों ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के लिए दी बधाई आगामी 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर जिले की जनता में भी उत्साह का माहौल है। 22 जनवरी को जिले में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सामाजिक एवं सर्वधर्म सद्भाव के साथ मनाया जाए और जिले में कहीं पर भी कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए आज 18 जनवरी को कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह एवं सभी धर्मों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बैठक में सभी सदस्यों द्वारा तय किया गया कि 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम जिले में सर्वधर्म एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाया जाएगा। जिले में अमन एवं शांति बनी रही तथा सभी धर्म के लोगों के बीच भाईचारा बना रहे इसके लिए कोई भी व्यक्ति ऐसा काम नहीं करेगा जिससे समाज की शांति भंग हो और अप्रिय स्थिति निर्मित होती हो। सभी लोग एक-दूसरे के धार्मिक त्यौहारों एवं उत्सवों का सम्मान करेंगे और साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखेंगे। बैठक में सभी सदस्यों ने अयोध्या राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के लिए एक-दूसरे को बधाई दी और संदेश दिया कि जिले में यह भाईचारा बनाया रखा जाएगा। बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा कहा गया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के आधार पर अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। भगवान राम मर्यादा पुरूषोत्तम के रूप में पहचाने जाते हैं

नौ वर्षों में 25 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से बाहर निकले: सांसद चौधरी

रोहट, बांकली व खिंवादी के विकसित भारत संकल्प यात्रा कैम्पों में शामिल हुए पाली सांसद

दैनिक पुष्पाजंली टुडे

पाली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बनने के बाद से करीबन 25 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से बाहर हुए है। नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट में यह आंकड़ा सामने आया है। जब कोई सरकार नेक नीति और राष्ट्रहित में काम करती है तो ऐसे परिणाम सामने आते हैं। आज पूरे विश्व के मजबूत राष्ट्रों का हमारे भारत के प्रति दृष्टिकोण पूरी तरह बदल गया है। यह सब एक कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है। हमारे देश में गरीबी कम हो सकती है, ये कभी कोई सोच भी नहीं सकता है। मोदी सरकार वंचितों और गरीबों के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर व्यापक बदलाव की दृष्टि से कार्य करते हुए हर योजनाओं में उनको वरीयता दे रही है। पाली सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी ने पाली विधानसभा की ग्राम पंचायत रोहट और सुमेरपुर विधानसभा की बांकली व खिंवादी में आयोजित हुए विकसित संकल्प यात्रा शिविरों में लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों की मांग पर आज ही इस यात्रा के अच्छे परिणामों को देखते हुए माह फरवरी तक चलेगी। पहले इसका कार्यक्रम 26 जनवरी तक ही था। सांसद चौधरी ने कहा कि आम जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास है। उन्होंने कैंपों में उपस्थित सभी अधिकारी को कहा कि अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की पूरी जानकारी रखें, जो लोग कैंप में आते हैं उन्हें अपनी सभी पात्र योजनाओं की जानकारी लेकर

उनका लाभ लेना चाहिए। प्रदेश में वर्तमान में भी भाजपा की सरकार है। भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे यही प्रधानमंत्री व राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री की मंशा है। इस हेतु सभी संबंधित विभागों के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे।विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़े 15 करोड़ लोग- सांसद चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजना को देशभर तक पहुंचाने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा दो महीने में ही जनभागीदारी का प्रतीक बन गई। अब तक इस यात्रा से 15 करोड़ से अधिक लोग जुड़े हैं। लोगों की यह विशाल भागीदारी एक उन्नतिशील और समावेशी भारत की दिशा में संगठित मार्ग बनाने के लिए यात्रा का उद्देश्य बयां करती है। उन्होंने ग्रामीणों को मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी। लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं आयुष्मान कार्ड वितरित किया। अन्नप्राशन एवं गोद भराई हुई।

ये रहे मौजूद - इन कार्यक्रमों में सांसद चौधरी ने अलावा जिला प्रमुख रश्मिसिंह रोहट, प्रधान सुमेरपुर उर्मिला कंवर, सरपंच रोहट भरत पटेल, सरपंच खिंवादी प्रवीण मीणा, बांकली सरपंच तेजाराम, पूरणसिंह, मण्डल अध्यक्ष प्रतापसिंह जोधा, पप्पुसिंह देवड़ा केशरसिंह, सह यात्रा संयोजक हरिदास वैष्णव, पूर्व सरपंच रूपाराम देवासी, प्रेमाराम देवासी, कानाराम गुर्जर, दिनेश सामरिया, ओम बंजारा, अशोक दास, प्रकाश सैन, उप सरपचं गुलाब कंवर, मनोहर सिंह देवड़ा, पुष्पेंद्रसिंह, कुंदन सिंह, मदनसिंह देवड़ा, जरमरसिंह, रूपाराम, मोहनदास, नरेन्द्र महाराज, नेमाराम प्रजापत, मोहनलाल बोराणा, हिम्मत मल बोराणा सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम, तहसीलदार, प्रमुख विभागों के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा केउपलक्ष में श्री नर्मदेश्वर महादेवमंदिर में राम कथा का आयोजन

महेंद्र शर्मा संपादक पुष्पांजलि टुडे

मुरार स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी श्री केसी शर्मा द्वारा प्रेस को दी जानकारी के अनुसार मुरार ग्रामीण में स्थिति वीर आवास सैनिक कॉलोनी खुरेरी मैं राम कथा का आयोजन सैनिक आवास कालोनी केभक्तों के सहयोग से श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर दिनांक 15/1/24से राम कथा प्रारंभ हुई है जिसका समापन 22/1/24को होगा।कथा व्यास पं श्री संजयानंद जी महाराज के द्वारा माघ मास मे कही जा रही है।कथा में सभी भक्त भक्ती भाव से श्रवण कर रहे हैं और सहयोग कर रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह के नेतृत्व में पुलिस लाइन रीवा एवं जिले के समस्त थानों तथा पुलिस कार्यालयों में की गई साफ- सफाई

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।
मुख्यमंत्री म.प्र. शासन मोहन यादव एवं पुलिस महानिदेशक म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रीवा जोन रीवा के.पी. व्यंकाटेश्वर राव एवं पुलिस महानिरीक्षक/उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा मिथलेश शुक्ला के मार्गदर्शन , पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह के नेतृत्व में पुलिस लाइन रीवा एवं जिले के समस्त थानों/ पुलिस कार्यालयों में श्रमदान किया जाकर साफ सफाई की गई।

कलेक्टर ने निर्माण कार्यों के लिए हाउसिंग बोर्ड को तत्काल भूमि उपलब्ध कराएं जाने के निर्देश दिए

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।.
कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत जल संसाधन विभाग के जर्जर आवासीय भवनों की 60728 वर्ग मीटर जमीन तथा जल संसाधन विभाग के ही मुख्य अभियंता कार्यालय की 5716 वर्ग मीटर जमीन पर निर्माण कार्य प्रस्तावित है। पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत इस परियोजना में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के 165 शासकीय आवास तथा जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता का कार्यालय एवं नवीन रेस्ट हाउस का निर्माण प्रस्तावित है। स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए हाउसिंग बोर्ड को तत्काल भूमि उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने कहा कि जल संसाधन विभाग के पुर्वा डिवीजन तथा अन्य कार्यालयों की सामग्री एवं भू अर्जन के रिकार्ड शिल्पी प्लाजा में रिक्त भवन में 7 दिवस में भण्डारित कराएं। एसडीएम हुजूर जल संसाधन विभाग को आवश्यक शासकीय भवन उपलब्ध कराएं। हाउसिंग बोर्ड जमीन प्राप्त होते ही निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराए। कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड रतहरा तालाब का शीघ्र लोकार्पण कराएं। इसके फूड जोन में निर्मित दुकानों को अनुबंध के आधार पर संचालन के लिए नगर निगम को सौंपे। आयुक्त नगर निगम सक्षम संस्था या व्यक्ति को अनुबंध के आधार पर दुकानें प्रदान करें। बीहर रिवर फ्रंट के भी शेष बचे कार्यों को तेजी से पूरा कराएं। नवीन सर्किट हाउस भवन का निर्माण कार्य 15 मई तक पूरा कराएं।बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने बताया कि सिविल लाइन पार्क में बनाए जा रहे फूड जोन तथा रतहरा तालाब के फूड जोन को अनुबंध के आधार पर आवंटित किया जाएगा। इसके द्वारा प्राप्त राशि से पार्क और रतहरा तालाब की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। बैठक में कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि सर्किट हाउस में प्लास्टर का कार्य किया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य 31 मई तक पूरा किया जाएगा। जल संसाधन विभाग द्वारा जमीन उपलब्ध कराते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बैठक में एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग पीके द्विवेदी, जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

मउगंज सिविल अस्पताल को जिला अस्पताल बनाने की शुरूआत

रीवा(पुष्पांजली टुडे) ।उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के निर्देशों के अनुसार नवीन जिले मउगंज में सिविल अस्पताल को जिला अस्पताल बनाने की शुरूआत प्रारंभ कर दी गई है। प्रदेश के समस्त जिला चिकित्सालयों की तरह मउगंज में भी वेट लीज ारजट रटल क माध्यम स पैथालाजी लैब शुरू हो रहा है। लैब में खून, पेशाब सहित 132 प्रकार की जाँचें होगीं। जाँच हेतु अतिआधुनिक कम्प्यूटरीकृत 6 मशीनें आएंगी। इन मशीनों में सीबीसी, एनालाईजर, बायोकेमेस्ट्री, ग्लूकोमीटर, इलेक्ट्रोलाईट, इलेक्ट्रोजो रेसिर, इम्यूनोएनीलाईजर प्रमुख हैं। वर्तमान में मउगंज 50 बिस्तरों का सिविल अस्पताल है जिसे 100 बिस्तर क रूप म शीघ्र किया जाएगा। इस संबंध में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ.बीएल मिश्रा ने बताया कि उप मुख्यमंत्री जी के प्रयास से मउंगज को यह उपलब्धि मिली है। शीघ्र ही रीवा स्वास्थ्य के क्षेत्र में हब बनेगा। इससे विंध्य के लोगो को इलाज के लिए नागपुर व अन्य महानगरों में नहीं जाना प?ेगा। मऊगंज जिला अस्पताल बनने से स्त्री रोग विशेषज्ञ साहत ाचिकत्सका व पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या बढेंगी। स्वास्थ्य जाँच बढने से मउगंज के अतिरिक्त हनुमना व नईगढी विकासखण्ड के लोगों का इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि पैथालाजी लैब की शीघ्र शुरूआत करने के निर्देश दिए गए हैं। नवीन जिला मैहर में भी 132 तरह की जाँच के लिए मशीनें शासन द्वारा स्वीकृत की गयी हैं।

जिले में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के अनुपालन के लिए जिला स्तरीय प्रवर्तन दल द्वारा की जाएगी चलान की कार्यवाही

सक्ती 18 जनवरी 2023/ सक्ती जिले में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 का अनुपालन बेहतर ढंग से हो सके इसके लिए राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में अधिनियम अंतर्गत पुलिस विभाग , श्रम विभाग, खाद्य एवं औषधि विभाग, नगरी निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकृत सदस्यों का जिला स्तरीय प्रवर्तन दल का गठन किया गया है। गठित दल द्वारा कलेक्टर के निर्देशानुसार कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधानों के उल्लंघन होने पर चलान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

कलेक्टर मऊगंज ने किया हायर सेकंडरी स्कूल एवं ग्राम पंचायत का निरीक्षण

शिक्षक एवं पंचायत सचिव के निलंबन तथा प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस के निर्देश

रीवा(पुष्पांजली टुडे) ।कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने हनुमना जनपद अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रतापगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान प्रायोगिक कक्षाएं संचालित नहीं पाई गईं। निरीक्षण दौरान पाया गया कि प्रायोगिक कार्य कराए ही नहीं जाते। जिसके कारण केमिस्ट्री के शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने के निर्देश दिए गए। इसी तरह कार्य के प्रति लापरवाही बरते जाने के कारण अतिथि शिक्षक को हटाए जाने के निर्देश दिए गए। विद्यालय में साफ-सफाई सहित बच्चों को सही तरीके से पठन-पाठन न कराए जाने के कारण विद्यालय की प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर स्थित ग्राम पंचायत प्रतापगंज का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत भवन में पंचायत संबंधी रिकॉर्ड नहीं रखा गया है। देखरेख के अभाव में पंचायत भवन की स्थिति जर्जर हालत में है। साथ ही पंचायत से संबंधित पंचायत भवन में रिकॉर्ड नहीं पाए गए। पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि लगातार निरीक्षण जारी रहेगा। यदि किसी भी कर्मचारी द्वारा नियमानुसार कार्य नहीं किया जाता है और कार्य के प्रति लापरवाही बरती जाती है तो उस पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान एसडीएम हनुमना राजेश मेहता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हनुमना अजय सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जय श्रीराम के जयकारों से गूँज उठा रीवा शहर,जन अभियान परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग ने निकाली प्रभातफेरी

रीवा(पुष्पांजली टुडे)। श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व जिलें में आध्यात्म और आस्था के उत्सव का वातावरण दिख रहा है। शासन के निर्देशानुसार रीवा जिले में जन अभियान परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रभातफेरी एवं कलश यात्राओ का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय में शासकीय मार्तण्ड विद्यालय क्रमांक तीन के मैदान में नगर निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन ने प्रभातफेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयस गोखले, जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक, छात्र एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह प्रभातफेरी

जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी. उपाध्याय एवं बडी संख्या में शिक्षक, मार्तण्ड स्कूल मैदान से कालेज चौराहा, शिल्पी प्लाजा, साई मंदिर से होकर वापस विद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। इस संबंध में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने बताया कि जन अभियान परिषद द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में प्रभातफेरी व कलश यात्राओं का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें लोग पारंपरिक वाद्य यंत्रों शंख, झाँझ बजाकर व भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ गली-गली मोहल्लों में जाकर उत्साह व आध्यात्म का वातावरण निर्मित कर रहे हैं। इस तरह के कार्यक्रमों का लगातार 22 जनवरी तक आयोजित किए जाएंगे।

जिले में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के अनुपालन के लिए जिला स्तरीय प्रवर्तन दल द्वारा की जाएगी चलान की कार्यवाही

सक्ती सक्ती जिले में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 का अनुपालन बेहतर ढंग से हो सके इसके लिए राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में अधिनियम अंतर्गत पुलिस विभाग , श्रम विभाग, खाद्य एवं औषधि विभाग, नगरी निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकृत सदस्यों का जिला स्तरीय प्रवर्तन दल का गठन किया गया है। गठित दल द्वारा कलेक्टर के निर्देशानुसार कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधानों के उल्लंघन होने पर चलान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।कलेक्टर श्रीमती पन्ना द्वारा द्वारा गठित दल को उक्त धाराओं के उल्लंघन पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं एवं जनता से अपील की गई है कि उक्त नियमों का पालन कर जिले के बच्चों एवं नौजवानों को तंबाकू से दूर रखने के प्रयास में सहयोग प्रदान करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सूरज सिंह राठौर से प्राप्त जानकारी अनुसार अधिनियम की धारा 4 के तहत किसी भी सार्वजनिक स्थान (समस्त कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान, होटल, रेस्टोरेंट बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन गार्डन ,लाइब्रेरी , मैदान ,ऑडिटोरियम आदि) पर धूम्रपान करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होगा तथा इन सार्वजनिक स्थानों पर लाइटर, माचिस जैसी धूम्रपान को प्रोत्साहित करने वाली चीज रखना भी प्रतिबंध होगा। इसके लिए संबंधित सार्वजनिक स्थान के मालिक को सूचना पटल प्रदर्शित करना होगा

उपार्जित धान का तीन दिवस में शत-प्रतिशत भण्डारण कराएं - कलेक्टर

जिन खरीदी केन्द्रों में स्लॉट बुक नहीं हो रहे उन्हें बंद कराएं - कलेक्टर

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।
कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में धान उपार्जन की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि धान उपार्जन के लिए अब केवल एक दिन बचा है। सभी खरीदी केन्द्रों में धान उपार्जन की क?ी निगरानी रखें। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम अतिरिक्त ट्रक लगाकर उपार्जन केन्द्रों में उपलब्ध धान का सुरक्षित भण्डारण कराएं। गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में दो दिवस में उपार्जित धान का भण्डारण कराएं। शेष खरीदी केन्द्रों में तीन दिवस में उपार्जित धान का परिवहन कराकर शत-प्रतिशत भण्डारण कराएं। उपार्जन में किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक स्वीकृति पत्रक जारी कर किसानों को उनके बैंक खाते में राशि का भुगतान कराएं। जिन खरीदी केन्द्रों में पिछले चार दिनों में धान खरीदी के लिए किसानों ने स्लॉट बुक नहीं किए हैं

उनमें धान खरीदी का समापन कराएं। जिस केन्द्र में शत-प्रतिशत पंजीकृत किसानों से धान का उपार्जन हो चुका है उन्हें भी बंद कराएं। स्वीकृति पत्र तत्काल जारी कर किसानों को उपार्जित धान का भुगतान कराएं। बैठक में महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि लगभग आठ करो? रुपए के असफल भुगतान में से 6 करो? 32 लाख रुपए का भुगतान करा दिया गया है। शेष राशि का भुगतान दो दिवस में हो जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम राजेन्द्र तिवारी, सहायक आपूर्ति अधिकारी सुभाष द्विवेदी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

रीवा एसडीएम के माता-पिता पर जानलेवा हमला, कुत्ते को लेकर उठे विवाद में पूर्व सरपंच की हैवानियत

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।
कटनी के बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुआ में रीवा जिला में पदस्थ एसडीएम के माता पिता, चाचा व एक अन्य के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. घटना को गांव के पूर्व सरपंच एवं उनके गुर्गे द्वारा अंजाम देना बताया जा रहा है. घायलों को बरही समुदायिक केंद्र में भर्ती कराया गया. जहां से हालात गंभीर होता देख डॉक्टरों ने कटनी रेफर किया गया. जहां के प्राइवेट अस्पताल में उनका इलाज जारी है. पुलिस ने केस दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरु कर दी है.

मारपीट में शामिल पूर्व सरपंच प्रहलाद सोनी-रीवा एसडीएम अनुराग तिवारी के बुजुर्ग माता पिता, चाचा और एक अन्य के साथ लाठी डंडों से मारपीट की गई. उनकी मां, पिता अशोक तिवारी एवं उनके चाचा सन्तोष तिवारी एवं गांव के ही जनपद बड़वारा के ग्राम पंचायत खिरहनी में पदस्थ सचिव पति कन्छेदी बुनकर को गम्भीर चोटे आई हैं. सभी घायलों को 108 के माध्यम से बरही के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. जहा से प्राथमिक उपचार उपरांत उन्हें कटनी रेफर किया गया. प्राइवेट हॉस्पिटल में सभी घायलों का इलाज जारी है.

विवाद की मुख्य वजय आवारा कुत्ते बताया जा रहा है. जिसकी ट्रैक्टर में दबने से मौत हो गई थी. मृत कुत्ते को फिकवाने को लेकर विवाद उपजा और मारपीट का रूप ले लिया. हालांकि दोनों पक्षों पर बरही थाने में शिकायत दर्ज की गई है. थाना प्रभारी अरविंद चौबे ने बताया रीवा एसडीएम के माता-पिता पर हमला किये जाने का मामला सामने आया है. मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धाराएं आगे बढ़ाई जायेंगी. बहरहाल पुलिस जांच में जुट गई है.

कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के लिए सजगता के साथ करें कार्य,कलेक्टर श्री दुदावत ने राजस्व और पुलिस अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

कोण्डागांव, / कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आगामी दिनों में आयोजित होने वाले दीपोत्सव, 22 जनवरी की विभिन्न कार्यक्रम, मुख्यमंत्री का संभावित प्रवास और अन्य मंत्रियों का जिले में प्रवास सहित लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिला कार्यालय स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में मंगलवार को आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री वाय अक्षय कुमार भी उपस्थित थे।कलेक्टर ने कहा कि दीपोत्सव के दौरान भी? नियंत्रण, ट्रैफिक व पार्किंग व्यवस्था, वीआईपी के आगमन की व्यवस्था, 22 जनवरी को विभिन्न आयोजन में बाइक रैली, भव्य शोभा यात्रा, मंदिरों में भी?, रामायण मंडली का कार्यक्रम शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाएगा। इसके अलावा लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के तहत निगरानीशुदा बदमाशों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को सजगता के साथ कार्य करने के साथ ही सूचना संकलन पर अधिक जोर देने को कहा। उन्होंने अप्रत्याशित घटनाओं के लिए हमेशा तैयार रहने को भी कहा। उन्होंने कहा कि सभी मैदानी अधिकारी आयोजकों से सतत संपर्क कर सुरक्षा व कानून व्यवस्था के मापदंडों का पालन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, अपर कलेक्टर श्री चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एएसपी डीआर पोर्ते सहित सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

मरौली खदान खंड 5 में टूटे एनजीटी के सारे नियम, मजदूरो के बजाये चलती भरकम मशीने

मरौली के नाम पर खनिज अधिकारी केवल बहाना बना देते है

बांदा । जब एनजीटी सख्त निर्देश है की जहाँ पर खनन किया जाता है वहाँ पर मजदूरो की मदद लेकर खनन किया जाये लेकिन यहाँ के संचालक द्वारा भारी भरकम मशीनो का उपयोग करके ही खनन किया जात अहै वो भी अवैध खनन के साथ मे अब ऐसे मे अगर खनिज विभाग से इसकी जांकारी ली जाती है तो मरौली का नाम सुनकर कह देते है की मै बाहर हू अब ऐसे मे तो खनिज विभाग के ऊपर एक सवालिया निशाना होता है । मामला सदर तहसील के मरौली के खंड 5 का है जहाँ अवैध खनन करने के लिये जिले मे ये मोरंग खदान प्रसिद्ध है लेकिन इस पर खनिज विभाग अपनी महरबानी दिखाये हुये है । जिसके चलते इस खदान मे अवैध खनन तो किया जात अहै लेकिन जांच करने वाले विभागीय अधिकारियो को ये सब नही दिखता है । मरौली खदान खंड संख्या 5 में लगातार खदान संचालक नियमों को ताप पर रखकर खनन कर रहे हैं। प्रतिबंध पोकलैंड मशीनों से लगातार खनन किया जा रहा है। वही यह मशीन है कुएं जैसे बड़े-बड़े गड्ढे कर रही हैं जो आगे चलकर ग्रामीणों और जानवरों की मौत का सबक बनेंगे वहीं यह मशीन अधिक गहराई तक खनन कर जलीय जीवों को भी आहत कर रहे हैं। वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है की यह लोग रात में भी खनन करते हैं और ओवरलोड ट्रक की भी निकासी साथ ही अवैध परिवहन को भी अंजाम देते हैं। इसके पहले जांच में अवैध परिवहन और अवैध खनन पकड़ा भी गया है वहीं दूसरी तरफ खदान में भी अवैध खनन की खबरे सामने आई थी जिसके पश्चात एसडीएम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खदान में जुर्माना तो लगाया ही था साथ ही ड्यूटी सही से न निभाने वाले तीन हुक्मरानों को सस्पेंड भी कर दिया था । बिल्कुल प्रतिबंधित है नियम यह है कि अगर रात में खनन किया जाए तो दिन जैसा उजाला होना चाहिए ताकि नदी में मौजूद किसी भी जीव जंतु को खतरा न हो पर यहां की बालू खदानों में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है इसके बावजूद खनन किया जाता है वही रात के अंधेरे में ओवरलोड सहित अवैध परिवहन भी किया जाता है जो की जांच में कई बार पकड़ा भी गया है। वहीं दूसरी तरफ खदान संचालक पर भारी जुर्माना लगाया था और ड्यूटी में तैनात लेखपाल एक पुलिसकर्मी सहित राजस्व निरीक्षक पर शिथिलता बरतने की कार्रवाई की थी। लेकिन इसके बाद फिर वही आलम है मानो इन्हें मनमाने ढंग से खनन करने की छूट दे दी गई हो। आपको बताते चले की बीते दिनों बांदा की खनिज अधिकारी पर कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर लखनऊ में बैठे उच्च अधिकारियों ने बड़ी कार्रवाई की थी जिससे उनके कार्यकाल में एक बड़ा धब्बा लग गया है। इसके बावजूद एक बार फिर खनिज अधिकारी की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं

संपादकीय

न्याय के हक में

एक बड़ी गलती को सुधारते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो मामले में उम्रकैद की सजा पाए ग्यारह दोषियों को सजा में छूट देने के गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया है। गुजरात में वर्ष 2002 के दंगों के दौरान गर्भवती बिलकिस के साथ सामूहिक दुराचार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। इन जघन्य अपराधों के लिये ग्यारह लोगों को उम्रकैद की सजा दी गई थी। जिन्हें वर्ष 2022 में चौदह साल की सजा पूरी होने पर रिहा कर दिया गया था। दरअसल, गुजरात सरकार ने उम्रकैद की सजा के मामले में अपराधियों को छूट देने वाली 1992 की नीति के आधार पर यह रिहाई की थी, जबकि वर्ष 2014 में नई नीति ने जघन्य अपराधियों की रिहाई पर रोक लगाई थी। यही वजह है कि कोर्ट ने भ्रमित करने का आरोप भी लगाया। साथ ही कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने कानून के शासन का उल्लंघन किया है। कोर्ट ने कहा कि गुजरात सरकार को रिहाई देने का अधिकार ही नहीं था क्योंकि निष्पक्ष न्याय के लिये इस मामले में महाराष्ट्र में मुकदमा चला और सजा सुनाई गई। ऐसे में केवल महाराष्ट्र सरकार ही दोषियों की रिहाई का फैसला ले सकती थी। कोर्ट ने उम्रकैद की सजा काटने वाले ग्यारह लोगों को दो सप्ताह में जेल वापस जाने को कहा है। निश्चित रूप से शीर्ष अदालत का फैसला गुजरात सरकार की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर सवाल उठाता है। दरअसल, राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत में दलील दी थी कि सजा पाने वाले लोगों ने जेल में 14 साल पूरे कर लिये थे, उनका आचरण अच्छा पाया गया तथा केंद्र सरकार ने समयपूर्व रिहाई के संबंध में सहमति दी थी। हालांकि, सीबीआई ने तर्क दिया था कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए दोषियों के साथ कोई रियायत नहीं बरती जानी चाहिए। लेकिन इसके बावजूद उन्हें रिहा कर दिया गया था। इतना ही नहीं, गोधरा उप–जेल से बाहर निकलने के बाद दोषियों का माला पहनाकर अभिनंदन तक किया गया था। दरअसल, उम्रकैद की सजा पाए लोगों को समय से पहले रिहा करने के खिलाफ पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। आखिरकार उसे न्याय मिला, बल्कि इससे खुद सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा फिर स्थापित हुई। समाज में व्याप्त अन्याय के खिलाफ न्याय की उम्मीद से लोग अदालतों का दरवाजा खटखटाते हैं। निस्संदेह, इस मामले में गठित खंडपीठ ने सही मायनों में कानून के शासन को ही प्रतिष्ठा दी है। उसने शीर्ष अदालत के मई, 2022 में दिये गए फैसले को भी पलटा है, जिसमें गुजरात सरकार के छूट देने के अधिकार को मान्यता दी गई थी। यह सामान्य विवेक की बात है कि तमाम दलीलों के बावजूद सामूहिक बलात्कार व हत्या जैसे जघन्य अपराधों के दोषियों को समय से पहले रिहाई नहीं दी जानी चाहिए। रिहाई के फैसले ने राज्य सरकार के कल्याणकारी स्वरूप व निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए। आरोप है कि राज्य सरकार ने जेल में रहने के दौरान भी दोषियों को लंबे–लंबे समय के लिये पेरोल पर बाहर आने की इजाजत दी थी। दरअसल, ऐसे मामलों में राज्य सरकार के विवेक की भी परीक्षा होती है कि उसके किसी निर्णय से पीड़ित पक्ष आहत न हो। सही मायनों में न्याय की प्रकृति का भी सम्मान किया जाना चाहिए। राज्य सरकार को उन भयावह स्थितियों व पीड़िता की पीड़ा का भी अहसास होना चाहिए। यह राज्य सरकार की कल्याणकारी रीतियों–नीतियों की भी परीक्षा थी। वहीं कोर्ट ने अदालत को गुमराह करने और गलत तथ्य पेश करने का आरोप भी राज्य सरकार पर लगाया। बहरहाल, अब दोषी दो हफ्ते के भीतर आत्मसमर्पण करेंगे और पूरी सजा होने तक जेल में ही रहेंगे। निस्संदेह, शीर्ष अदालत के फैसले से जहां रिहाई के अधिकार के प्रश्न का जवाब मिला, वहीं पीडिता को न्याय पाने के हक की भी पुष्टि हुई। पीड़िता के अधिकार को महत्वपूर्ण मानने से सही मायनों में उसे न्याय मिल पाया। बहरहाल, देश में कानून के राज को प्रतिष्ठा देकर न्यायालय ने एक आदर्श मार्गदर्शक की भूमिका का भी निर्वहन किया है।

भारत के ऋण को नियंत्रित करने की आवश्यकता

नन्तू बनर्जी

घरेलू रूप से, मौसम के झटके मुद्रास्फीति के दबाव को प्रज्वलित कर सकते हैं और आगे खाद्य निर्यात प्रतिबंधों को बढ़ावा दे सकते हैं। यदि स्थितियां बहुत अच्छी हुईं तो इसके विपरीत अपेक्षित उपभोक्ता मांग और निजी निवेश को बढ़ावा दे सकता है।

भारत के वर्तमान सामान्य सरकारी ऋण के बारे में तुरंत घबराहट की आवश्यकता नहीं है, परन्तु अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की चेतावनी कि यह मध्यम अवधि मेंया 2028 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 100 प्रतिशत से अधिक हो सकता है, चिंता का विषय है। आईएमएफ ने कहा है कि दीर्घकालिक जोखिम अधिक हैं और उसने शक्तिपोषण के नये और अधिमानतरू रियायती स्रोतोंश की आवश्यकता पर भी जोर दिया। दिलचस्प बात यह है कि आईएमएफ के भारत के कार्यकारी निदेशक, के. वी सुब्रमण्यन ने कहा संप्रभु ऋण से जोखिम बहुत सीमित हैं क्योंकि यह मुख्य रूप से घरेलू मुद्रा में दर्शाया गया है। पिछले दो दशकों में वैश्विक अर्थव्यवस्था का सामना करने वाले झटके की भीड़ के बावजूद, भारत का सार्वजनिक ऋण–से–जीडीपी अनुपात 2005–06 में 81प्रतिशत से बढ़कर 2021–22 में 84प्रतिशत हो गया था जो 2022–23 में पुनरू 81प्रतिशत हो गया। आईएमएफ ने 2023 में वैश्विक ऋण के+ 97 खरब होने का आकलन किया है। आईएमएफ ने कहा कि भारत को अपने सार्वजनिक ऋण को कम करने के लिए मध्यम अवधि में महत्वाकांक्षी राजकोषीय समेकन की आवश्यकता है। इसने कहारू शनिकट अवधि में एक तेज वैश्विक विकास की मंदी व्यापार और वित्तीय चौनलों के माध्यम से भारत को प्रभावित करेगी। आगे वैश्विक आपूर्ति व्यवधानों से आवर्तक वस्तु मूल्य अस्थिरता हो सकती है, जिससे भारत के लिए राजकोषीय दबाव बढ़ सकता है। घरेलू रूप से, मौसम के झटके मुद्रास्फीति के दबाव को प्रज्वलित कर सकते हैं और आगे खाद्य निर्यात प्रतिबंधों को बढ़ावा दे सकते हैं। यदि स्थितियां बहुत अच्छी हुईं तो इसके विपरीत अपेक्षित उपभोक्ता मांग और निजी निवेश को बढ़ावा दे सकता है।' आईएमएफ अपने बयान के अंतिम भाग के बारे में बिल्कुल सही है कि भारत में लगातार बढ़ती उपभोक्ता मांग उच्च उत्पादन, आपूर्ति और निवेश को प्रेरित कर रही है। भारत की आयात–नेतृत्व वाली अर्थव्यवस्था मौजूदा वैश्विक मंदी के खिलाफ कुछ हद तक अछूता है। अप्रत्याशित परिस्थितियों को छोड़कर, अर्थव्यवस्था को अगले 10 वर्षों में कम से कम तेज गति से बढ़ने की उम्मीद है। पिछले हफ्ते, यह बताया गया कि दुनिया भर की सरकारों द्वारा संचित समग्र सार्वजनिक ऋण 2023 में + 97 ट्रिलियन पर था। यह 2019 में जो कुछ भी था, उससे 40प्रतिशत अधिक है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कुल विश्व सार्वजनिक ऋण का 33प्रतिशत हिस्सा है। अमेरिका का ऋण–जीडीपी अनुपात 123.3 प्रतिशत है। जापान के लिए, यह 255.2प्रतिशत है, जो वैश्विक ऋण का 11प्रतिशत है। इटली का 143.7प्रतिशत है, और इसके बाद फ्रांस (110प्रतिशत), कनाडा (106.4प्रतिशत), यूके (104 प्रतिशत), ब्राजील (88.1 प्रतिशत) और चीन (83 प्रतिशत) है। पिछले एक दशक में कुल वैश्विक ऋण में + 100ट्रिलियन की वृद्धि हुई है, जो सरकारों, घरों और निजी क्षेत्र द्वारा ऋण संचय की गति को एक साथ दिखाती है। 2023 की पहली छमाही में, दुनिया के जीडीपी के 336प्रतिशत के लिए कुल वैश्विक ऋ ण + 307 ट्रिलियन का लेखांकन था। अभी के लिए, भारत सरकार की ऋण की स्थिति निश्चित रूप से बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के संदर्भ में चिंताजनक नहीं है। हालांकि, देश के कई राज्यों की ऋण स्थिति के बारे में भी ऐसा नहीं कहा जा सकता है, जो सीमित राजस्व सृजन क्षमताओं का सामना कर रहे हैं, जिससे बड़े पैमाने पर ऋ ण सेवा समस्याएं होती हैं। राज्यों को हर साल अधिक उधार लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है तथा उनके ऋ ण का बोझ बढ़ना जारी है। पंजाब के लिए 2023–24 में अनुमानित ऋ ण–राज्य जीडीपी अनुपात 46. 8प्रतिशत है। इसके बाद हैं बिहार (37.8प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (37. 7 प्रतिशत), राजस्थान (36. 8प्रतिशत), केरल (36.6प्रतिशत), आन्ध्र प्रदेश (33.3प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (32.1प्रतिशत), मध्य प्रदेश (30.4प्रतिशत), तमिलनाडु (25. 6प्रतिशत) और असम (24. 4प्रतिशत)। कुछ छोटे भारतीय राज्यों में बहुत अधिक ऋ ण–एसजीडीपी अनुपात है। उदाहरण के लिए, अरुणाचल प्रदेश में अनुपात 53प्रतिशत है। उच्च ऋ ण–एसजीडीपी अनुपात वाले राज्यों में पंजाब, नागालैंड, मणिपुर और मेघालय शामिल हैं। राज्य सरकार के ऋ ण में उनके समग्र उधार का 65 प्रतिशत शामिल है। वे अप्रैल और नवंबर 2023 के बीच 28प्रतिशत बढ़े। आर्थिक गतिविधि में मंदी के कारण एसजीडीपी विकास को नकारात्मक जोखिम हो सकता है। केंद्रीय और राज्य सरकारों के बढ़ते ऋ ण स्वयं एक विकासशील संघीय अर्थव्यवस्था में स्वाभाविक लगेंगे। दुर्भाग्य से, इन सरकारी ऋणों के पीछे के कारण विकास की तुलना में निःशुल्क सेवा एवं धन देने के साथ अधिक जुड़े हुए प्रतीत होते हैं। दोनों केंद्रीय और राज्य सरकारें चुनाव जीतने के लिए एक आंख के साथ कम आय वाले समूहों को बड़े पैमाने पर निःशुल्क सेवा और नकद दे रही हैं। उदाहरण के लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल नवंबर में घोषणा की थी कि राशन की दुकानों के माध्यम से गरीबों के लिए सरकार की मुफ्त खाद्य अनाज योजनाअगले पांच साल के लिए बढायी जायेगी जिससे 81 करोड़ लोगों को लाभ होगा। इसमें 11 लाख करोड़ खर्च होगा। यह इस तथ्य के बावजूद है कि सरकार के अपने अनुमान से, देश में गरीबों की संख्या लगभग 20 करोड़ है। जाहिर है, राशन की दुकानों के माध्यम से भोजन का उपहार राष्ट्रीय और राज्यों के चुनाव के मद्देनजर दिया गया है। राज्य सरकारों के शीर्ष पर राजनीतिक दल एक–दूसरे के साथ उपहार देने में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जबकि भारत के अधिकांश सेवानिवृत्त औद्योगिक कर्मचारियों को केवल 100 रुपये को योगदान पेंशन के रूप में प्रति माह दिया जाता है। देश और राज्यों के लिए एक उच्च ऋ ण–जीडीपी अनुपात का स्वागत किया जा सकता है यदि यह सामाजिक और औद्योगिक बुनियादी ढांचे के विकास और सार्वजनिक सेवाओं के सुधार पर उच्च विकास व्यय का परिणाम है। परन्तु वर्तमान ऋ ण में वृद्धि इसके कारण नहीं है। यह तो उपहारों के कारण है। यह मूलरूप से उन्हें सत्तारूढ़ पार्टी के लिए वोट हासिल करने के तरीके के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा, अधिकांश राज्यों में, गरीब शासन की गुणवत्ता जिम्मेदार ऋ ण प्रबंधन को प्रभावित कर रही है।

ईसाई समुदाय को लुभाने में जुटे मोदी

राम पुनियानी

गत 25 दिसंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई ईसाईयों को क्रिसमस की बधाई देने और उनसे बातचीत करने के लिए अपने घर निमंत्रित किया। उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में ईसाई समुदाय के योगदान और प्रभु ईसा मसीह की समावेशी शिक्षाओं की सराहना की. उन्होंने ईसाई समुदाय के नेताओं से अपने पुराने और लम्बे संबंधों के बारे में भी अपने मेहमानों को बताया। इसके कुछ दिन बाद केरल में कुछ सैकड़ा ईसाईयों ने भाजपा की सदस्यता ले ली। द हिन्दू ने लिखा भाजपा की राज्य इकाई की कोट्टयम में हुई बैठक में तय किया गया कि ईसाई समुदाय को आकर्षित करने के लिए 10 दिन की स्नेह यात्रा निकाली जाएगी जिसके दौरान पार्टी मणिपुर हिंसा सहित विभिन्न मसलों पर अपनी बात समुदाय के सामने रखेगी।इ केरल के मुख्यमंत्री पिनयारी विजयन ने बिलकुल ठीक कहा कि–मणिपुर में हालत यह हो गई है कि आबादी का एक हिस्सा... ईसाई समुदाय वहां रह ही नहीं सकता... हम सबने देखा है कि इस मामले में राज्य और केंद्र दोनों सरकारों ने चुप्पी साध रखी है (द इंडियन एक्सप्रेस, मुंबई, जनवरी 2 2024)। अगला आम चुनाव नजदीक है और आरएसएस–भाजपा ने ईसाई समुदाय को लुभाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। जहां तक ईसाई समुदाय की वर्तमान स्थिति का सवाल है, उसे विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय रपटों और धार्मिक स्वतंत्रता सूचकांकों से समझा जा सकता है। श्वादा न तोड़ो अभियानश के अनुसार, देश में हर दिन ईसाईयों की प्रताड़ना की दो घटनाएं होती हैं। उत्तर प्रदेश में....करीब 100 पास्टर और आम पुरुष और महिलाएं भी गैर–कानूनी ध र्मपरिवर्तन करवाने के आरोप में जेलों में बंद हैं, जबकि वे या तो जन्मदिन मना रहे थे या इतवार की विशेष प्रार्थना सभा कर रहे थे। एक ज्ञापन के अनुसार, सरकार कार्डिनलों और पास्टरों के खिलाफ अपनी विभिन्न जांच एजेंसियों का इस्तेमाल भी कर रही है। यूनाइटेड क्रिश्चियन फोरम के अनुसार, सन् 2022 के पहले सात महीनों में ईसाईयों पर हमलों की 302 घटनाएं हुई। नेशनल सॉलिडेरिटी फोरम एंड इवैंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया के आर्चबिशप पीटर मेकेडो द्वारा दायर एक याचिका के मुताबिक, श्राज्य ऐसे समूहों के खिलाफ त्वरित और आवश्यक कार्रवाई करने में असफल रहा है जिन्होंने ईसाई समुदाय के खिलाफ व्यापक हिंसा की, नफरत फैलाने वाले भाषण दिए, उनके आराधना स्थलों पर हमले किये और उनकी प्रार्थना सभाओं में व्यवधान उत्पन्न किये। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने लगातार चौथे साल भारत को विशेष सरोकार वाला देश निरुपित किया है और अमेरिकी सरकार से कहा है कि वह इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए अपनी नीतियां बनाए।ओपन डोर्स के अनुसार, वर्तमान सरकार के मई 2014 में सत्ता में आने के बाद से ईसाईयों पर दबाव में नाटकीय वृद्धि हुई है...हिन्दू अतिवादी अन्य धर्मों के लोगों पर बिना किसी भय के हमले करते हैं और कुछ इलाकों में उन्होंने गंभीर हिंसा की है...बड़ी संख्या में राज्य सरकारें ध र्मांतरण–विरोधी कानून लागू कर रही हैं जिनका घोषित उद्देश्य हिन्दुओं का जबरदस्ती दूसरे ध र्मों में परिवर्तन रोकना है मगर असल में उनके बहाने ईसाईयों को धमकाया और प्रताड़ित किया जाता है...पास्टर होना इस देश में सबसे ज्यादा जोखिम वाला काम बन गया है। हिन्दू अतिवादी पास्टरों पर हिंसक हमले करते हैं ताकि आम ईसाईयों के मन में डर का भाव बैठाया जा सके। ईसाई समुदाय की वर्तमान स्थिति की जड़ में है हिन्दू राष्ट्रवादी आख्यान जिसमें इस्लाम और ईसाईयत को विदेशी धर्म माना जाता है. आरएसएस के द्वितीय सरसंघचालक एम.एस. गोलवलकर ने अपनी पुस्तक श्वंच ऑफ थॉट्स में लिखा है कि ईसाई और कम्युनिस्ट, हिन्दू राष्ट्र के आतंरिक शत्रु हैं। आरएसएस की शाखाओं में भी इसी आशय की बातें सिखाई जातीं हैं। हिन्दू राष्ट्रवादी गतिविधियों में उछाल के साथ ईसाईयों के खिलाफ हिंसा सबसे पहले देश के आदिवासी इलाकों में शुरू हुई। प्रचार यह किया गया कि ईसाई मिशनरीज जबरिया, ध ोखाधड़ी और लोभ–लालच से आदिवासियों को ईसाई बना रही हैं। ईसाई धर्म भारत के सबसे पुराने धर्मों में से एक है। ऐसा कहा जाता है कि सेंट थॉमस मालाबार के तट पर उतरे और 52 ईस्वी में उन्होंने वहां देश के पहले चर्च की स्थापना की। कुछ अन्य स्रोतों के अनुसार, वे चौथी सदी में मालाबार आये थे। सन् 2011 की जनगणना के अनुसार, देश की कुल आबादी में ईसाईयों का प्रतिशत 2.3 है। मजे की बात यह है कि सन 1971 से इसमें लगातार गिरावट आ रही है रू 1971– 2.60फीसदी, 1981–2.44फीसदी, 1991–2. 34फीसदी, 2001–2.30फीसदी, 2011–2.30फीसदी (सभी आकंड़े जनगणना से)। मगर बेसिरपैर के दुष्प्रचार के नतीजे में गुजरात के डांग में सबसे पहले (25 दिसंबर 1998 से लेकर 3 जनवरी 1999 तक) ईसाई–विरोधी हिंसा हुई। इसके बाद, 22 जनवरी 1999 की रात आरएसएस के अनुषांगिक संगठन बजरंग दल के कार्यकर्ता राजेंद्र पाल उर्फदारासिंह ने पास्टर ग्राहम स्टेंस और उनके दो मासूम पुत्रों को जिंदा जला दिया। दारासिंह इस समय उम्रकैद की सजा काट रहा है। इस घटना को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ केआर नारायणन ने दुनिया के काले कारनामों की सूची का हिस्सा बताया। स्टेंस ऑस्ट्रेलियाई मिशनरी थे और ओडिशा के क्योंझर, मनोहरपुर में काम करते थे। जब वे अपने दो बच्चों टिमोथी और फिलिप के साथ एक खुली जीप में सो रहे थे तब दारासिंह ने कुछ लोगों के साथ मिलकर तीनों को जिंदा जला दिया। आरोप यह लगाया कि कुष्ठ रोगियों की सेवा के बहाने वे ध र्मपरिवर्तन करवा रहे थे। घटना की जांच के लिए नियुक्त वाधवा आयोग ने पाया कि पास्टर स्टेंस धर्मपरिवर्तन में संलग्न नहीं थे और जिस इलाके में वे काम कर रहे थे वह की ईसाई आबादी में कोई बढोत्तरी नहीं हुई थी। इसके बाद से दूरदराज के इलाकों में ईसाई–विरोधी हिंसा जारी रही। अधिकांश मामलों में इस तरह की हिंसा क्रिसमस के आसपास होती थी। फिर 25 अगस्त, 2008 को ओडिशा के कंधमाल में भयावह हिंसा शुरू हुई जिसमें 100 से ज्यादा ईसाई मारे गए, ईसाई महिलाओं के साथ दिल दहलाने वाली बलात्कार की घटनाएं हुईं और कई चर्चों को आग के हवाले कर दिया गया। तब से ईसाई–विरोधी हिंसा चल ही रही है यद्यपि यह सुनिश्चित किया जाता है कि उस पर ज्यादा शोरशराबा न हो। अक्सर दूरदराज के इलाकों में काम रहे पादरियों को तब घेरा जाता है जब वे प्रेयर मीटिंग संचालित कर रहे हों। बजरंग दल और उसके जैसे अन्य संगठनों के सदस्य प्रेयर मीटिंग्स में बाधा डालते हैं। पादरियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाता है और उन्हें परेशान किया जाता है। मणिपुर में ईसाईयों के खिलाफ करीब सात महीनों से हिंसा चल रही थी। कुकी, जिनमें से अधिकांश ईसाई हैं, डबल इंजन सरकार के निशाने पर हैं। मणिपुर और दिल्ली दोनों में भाजपा की सरकारें हैं। प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि इस ईसाई–विरोधी हिंसा को रोकना उनकी सरकार की प्राथमिकताओं में नहीं है। वे दुनिया भर में जा रहे हैं मगर मणिपुर के लिए उनके पास वक्त नहीं है। कुछ हिम्मतवर सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों ने इस इलाके में भ्रमण कर हिंसा की आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन सरकार की उदासीनता के चलते इस खाई को भरना मुश्किल होगा। इस समय प्रधानमंत्री मोदी जो कर रहे हैं, वह केवल छवि बनाने की कवायद है। केरल में कई ध ानी ईसाई इस हिन्दू बहुसंख्यकवादी राजनीति के जाल में फंस रहे हैं। यह भी सच है कि ईडी, इनकम टैक्स आदि के कहर से बचने के लिए ईसाई समुदाय के शीर्ष धार्मिक नेतृत्व का एक हिस्सा सरकार के साथ खड़ा होने को आतुर है। हमें यह समझना होगा कि मोदी एंड कंपनी एक तरफ तो ईसाई समुदाय को हाशिये पर धकेल देना चाहते हैं तो दूसरी ओर वे चुनावों में उनके वोट भी हासिल करना चाहते हैं।

ऐसा कोई सगा नहीं जिसे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने ठगा नहीं!

नीरज कुमार दुबे

मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू सिर्फ भारत विरोधी नहीं हैं बल्कि उनके इतिहास पर गौर करेंगे तो पाएंगे कि वह किसी के सगे नहीं हैं। हम आपको बता दें कि मोहम्मद मुइज्जू ने चीन समर्थक माने जाने वाले पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन की उंगली पकड़ कर राजनीति में कदम रखा, उनके नक्शेकदम पर चलते हुए भारत विरोध को हवा दी और आखिरकार राष्ट्रपति पद तक पहुँच गये। लेकिन अब माना जा रहा है कि मुइज्जू के संबंध अपने गुरु अब्दुल्ला यामीन के साथ बिगड़ गये हैं। हालात ऐसे हो गये हैं कि भ्रष्टाचार के आरोपों में सजा काट रहे अब्दुल्ला यामीन अपने ही चेले मुइज्जू और अपनी ही पार्टी का विरोध नई पार्टी बनाकर कर सकते हैं। यामीन को उम्मीद थी कि उनकी पार्टी और गठबंधन की सरकार बनने पर उन्हें रिहा करवाने का प्रयास किया जायेगा लेकिन मुइज्जू ने सत्ता पर पूरी तरह अपनी पकड़ कायम करने के लिए यामीन को दरकिनार कर दिया है। यह भी बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति पद संभालने वाले दिन मुइज्जू ने उन लोगों की ओर देखा तक नहीं जिन्होंने राजनीति में आगे बढ़ने में उनकी मदद की थी। बताया जा रहा है कि अब्दुल्ला यामीन शुरू से ही मुइज्जू के इस स्वार्थी रुख से वाकिफ थे इसलिए वह उन्हें अभी राष्ट्रपति चुनाव का टिकट भी नहीं दिलवाना चाहते थे। लेकिन अपनी उम्मीदवारी के लिए पीपुल्स नेशनल कांग्रेस को मनाने में मुइज्जू कामयाब रहे थे। बताया जाता है कि जेल की सजा के कारण मोहम्मद यामीन के पास मुइज्जू की उम्मीदवारी का समर्थन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था इसलिए उन्होंने मजबूर होकर अपनी पत्नी के माध्यम से अपनी सहमति पार्टी के पास उस दिन भेजी जब मुइज्जू चुनाव आयोग के समक्ष अपनी उम्मीदवारी पेश कर रहे थे। बताया जा रहा है कि मुइज्जू की जीत के जश्न के दौरान और उसके बाद घटी घटनाओं से पूर्व राष्ट्रपति यामीन और उनके साथी डॉ. मोहम्मद जमील अहमद के मन में नाराजगी स्पष्ट हो गयी थी क्योंकि लगातार उनका अपमान किया जा रहा था। हम आपको यह भी बता दें कि मालदीव में 30 सितंबर को हुए चुनावों के बाद और मतगणना के बीच ही जमील और उनके सहयोगियों ने जनता को आगाह करना शुरू कर दिया था कि उन्हें आने वाली सरकार के बारे में सतर्क रहने की जरूरत है। इस तरह से देखा जाये तो नई सरकार के औपचारिक रूप से सत्ता संभालने से पहले ही मालदीव में असंतोष का माहौल शुरू हो गया था। मालदीव के चौनल 13 पर एक कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ. मोहम्मद जमील अहमद ने कहा कि यामीन चाहते थे कि वह राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले डॉ. मुइज्जू के जश्न में भाग लें। जमील के अनुसार, यामीन ने डॉ. मुइज्जू से यह भी अनुरोध किया था कि जब तक वह पूरी तरह से रिहा नहीं हो जाते, तब तक जश्न का कार्यक्रम स्थगित कर दिया जाए। जमील ने कहा कि अगर मुइज्जू चाहते तो तत्कालीन सरकार यामीन को उनकी आपराधिक सजा के बावजूद जश्न में भाग लेने की अनुमति देती। जमील के अनुसार मुइज्जू ने अपने विजयी संबोधन में भी यामीन के प्रति आभार व्यक्त नहीं किया था। हम आपको बता दें कि यामीन के राष्ट्रपति रहने के दौरान डॉ. जमील उपराष्ट्रपति थे। हालांकि उनको बाद में पद से हटा दिया गया था। उपराष्ट्रपति पद से बर्खास्त होने के बाद जमील ने यामीन के खिलाफ लंबे समय तक हमला बोला था और 2018 में यामीन को सत्ता से हटाने के लिए मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) की राजनीतिक गतिविधियों के पीछे उन्हीं का हाथ माना जाता है। लेकिन अपने रुख में पूर्ण बदलाव के बाद जमील अब यामीन के प्रमुख पक्षकार बन गये हैं और पीपुल्स नेशनल फ्रंट (पीएनएफ) नामक नई राजनीतिक पार्टी बनाने के प्रयासों का नेतृत्व भी कर रहे हैं। चुनावी जीत के जश्न के कार्यक्रम में यामीन की उपस्थिति की अनुमति देने में डॉ. मुइज्जू की ओर से दिखायी गयी उपेक्षा के बारे में जमील ने कहा, "बेशक हमें उम्मीद थी कि वे इस दोस्ती और लंबे समय से चले आ रहे संबंधों का सम्मान करना जारी रखेंगे। यामीन भी इसके उतने ही हकदार हैं। समारोह के दौरान उन्हें उचित श्रेय और धन्यवाद मिलना चाहिए था। लेकिन हमने इस संबंध में कुछ भी नहीं सुना और इस बात ने तुरंत भावनात्मक रूप से हम पर गहरा प्रभाव डाला। यह भी बताया जाता है कि चुनाव में जीत के बाद मुइज्जू ने जब विजयी संबोधन दिया तो उसके ठीक बाद उन्हें यामीन का फोन आया। लेकिन मुइज्जू ने कॉल का जवाब देने से ही इंकार कर दिया। यही नहीं, मुइज्जू ने यामीन के श्कॉल मी बैकश संदेशों को भी नजरअंदाज कर दिया।

स्नूकर मास्टर्सः क्वार्टर फाइनल में मार्क सेल्बी का सामना मार्क एलन से

लंदन। तीन बार के चैंपियन मार्क सेल्बी ने रॉबर्ट मिल्किन्स को आसानी से 6-1 से हराकर स्नूकर मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है, जहां उनका सामना मार्क एलन से होगा। सेल्बी, जिन्होंने आखिरी बार 2013 में प्रतियोगिता जीती थी, ने पहले दौर के मैच में एक सेंचुरी सहित 50 से अधिक पांच ब्रेक बनाए। मध्यांतर से पहले वह 4-0 से आगे थे और अंत में 6-1 से जीत पक्की कर ली। 40 वर्षीय सेल्बी एलन के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए लड़ेंगे, जिन्होंने अनुभवी जॉन हिगिंस को 6-5 से हराया था।एलन ने लगातार चार फ्रेम जीतकर 5-3 की बढ़त बना ली, लेकिन हिगिंस के दो फ्रेम पीछे चले जाने के कारण उन्हें निर्णायक फ्रेम तक जाना पड़ा। आखिरी फ्रेम में 86 के ब्रेक ने एलन को 2018 में खिताब जीतने के बाद पहली बार मास्टर्स में शुरुआती दौर का मैच जीतने में सक्षम बनाया। जबकि 48 वर्षीय हिगिंस के लिए, मास्टर्स में पहले दौर में यह उनकी 15वीं हार थी। दुनिया के नंबर 1 रोनी ओ' सुलिवन गुरुवार को बैरी हॉकिन्स का सामना करेंगे, इसके बाद शॉन मर्फी का मुकाबला जैक लिसोव्स्की से होगा।

टॉम कुरेन का विवादास्पद बीबीएल सीज़न घुटने की चोट के कारण समाप्त

सिडनी। इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी टॉम कुरेन घुटने की चोट के कारण बिग बैस लीग (बीबीएल) से बाहर हो गए हैं। कुरेन बीबीएल में सिडनी सिक्सर्स के लिए खेलते हैं। इसके अलावा डेजर्ट वाइपर के साथ उनके आईएलटी20 करार पर भी संदेह है। वाइपर की टीम 21 जनवरी को अपना अभियान शुरू करेगी। कुरेन को मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ सिक्सर्स के पिछले मैच में चोट लग गई थी और अब वह नियमित सत्र के अंतिम दो मैचों में नहीं खेल पाएंगे। सिक्सर्स के एक बयान में कहा गया है, चोट की पूरी गंभीरता फिलहाल ज्ञात नहीं है क्योंकि कुरेन आने वाले दिनों में यूके लौटने वाले हैं और घर पर आगे का मूल्यांकन कराएंगे। कुरेन के लिए यह एक बाधित बीबीएल टूर्नामेंट रहा है, जिन पर चौथे अंपायर मुहम्मद कुरेशी को डराने के लिए चार मैचों का प्रतिबंध लगाया गया था, जब उन्होंने मना करने के बावजूद लाउंसेस्टन में पिच पर प्री-मैच रन-अप का अभ्यास जारी रखा था। उन्होंने मंजूरी की अपील की लेकिन इसे बरकरार रखा गया। कुरेन का सीज़न का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ उस मैच में आया जब उन्होंने 19 रन देकर 3 विकेट लिए। उनकी अनुपस्थिति हेडन केर के लिए टीम में वापसी का द्वार खोल सकती है, हालांकि सिक्सर्स के पास सिडनी थंडर के खिलाफ स्टीवन स्मिथ उपलब्ध होंगे।

मीडिया बैडमिंटन, कैरम, शतरंज व टेबल टेनिस प्रतियोगिता आज से

वाराणसी। 36वीं दीनानाथ गुप्त स्मृति मीडिया बैडमिंटन एवं विश्वनाथ सिंह दद्दू टेबल टेनिस, शतरंज तथा कैरम प्रतियोगिता में पत्रकार एकल व लकी युगल के मुकाबले में शामिल होंगे। 11 से 13 जनवरी तक पराड़कर स्मृति भवन के ईश्वरचन्द्र सिन्हा बहुउद्देशीय हाल में आयोजित प्रतियोगिता के लिए बुधवार को ईश्वरचन्द्र सिन्हा सभागार में कैरम के अंतरराष्ट्रीय रेफरी रमेश वर्मा ने ड्रा निकाला। काशी पत्रकार संघ व वाराणसी प्रेस क्लब के बैनर तले आनन्द चंदोला खेल महोत्सव के दूसरे चरण में होने वाली बैडमिंटन एवं कैरम प्रतियोगिता में संघ से जुड़े पत्रकार ही भाग लेंगे। आयोजन समिति के संयोजक कृष्ण बहादुर रावत के अनुसार 11 जनवरी को दिन में 11 बजे प्रतियोगिता का उद्घाटन होगा।

काशी पत्रकार संघ व वाराणसी प्रेस क्लब के बैनर तले आनन्द चंदोला खेल महोत्सव के दूसरे चरण में होने वाली बैडमिंटन एवं कैरम प्रतियोगिता में संघ से जुड़े पत्रकार ही भाग लेंगे।

हापोएल जेरूसलम ने इलियास कांटज़ोरिस को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया

जेरूसलम। इजरायली बास्केटबॉल चैंपियंस लीग टीम हापोएल जेरूसलम ने इलियास कांटज़ोरिस को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। 50 वर्षीय ग्रीक, जिन्होंने अगले विकल्प के साथ सीज़न के अंत तक कोच के रूप में करार किया है, सर्बियाई अलेक्जेंडर डेज़िक की जगह लेंगे, जिन्होंने इजरायल में सुरक्षा स्थिति के कारण टीम से नाता तोड़ लिया था।

कांटज़ोरिस ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं एक ऐसी टीम में आ रहा हूं जो बहुत अच्छी तरह से प्रशिक्षित और तैयार है, और हमें एक साथ मिलकर सीज़न के मुख्य पाठ्यक्रम की ओर बढ़ने की ज़रूरत है जो बहुत जल्द आने वाला है। कांटज़ोरिस ने अपना कोचिंग करियर 2000 में अपोलोन पेट्रास में एक सहायक कोच के रूप में शुरू किया और 2020 तक यूरोप के कुछ प्रमुख बास्केटबॉल क्लबों में सहायक कोच के रूप में काम किया, जिनमें ज़ालगिरिस कौनास, यूनिक्स कज़ान और यूरोलीग में बामबर्ग शामिल हैं। पांच सीज़न के लिए, कांटज़ोरिस इतालवी वरिष्ठ कोच एंड्रिया त्रिंचिएरी के सहायक कोच थे, उन्होंने एक

सीज़न कज़ान में और चार बामबर्ग में बिताया। 2020 से, उन्होंने इराक्लिस थेसालोनिकी, कोलोसोस रोडोउ, एईके एथेंस और फ़ांसीसी पक्ष लिमोज में मुख्य कोच के रूप में काम किया है, जहां उन्होंने वर्तमान सीज़न की शुरुआत की थी। उन्होंने ग्रीक राष्ट्रीय टीम के लिए सहायक कोच के रूप में भी काम किया। इजरायली खेल मंत्रालय ने जेरूसलम को कांटज़ोरिस के साथ करार करने की अनुमति दी, भले ही वह विदेशी कोचों को नियुक्त करने के लिए देश के मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, इन मानदंडों में व्यापक अनुभव या संयुक्त राज्य अमेरिका या यूरोप में शीर्ष लीग में खिताब जीतना शामिल है। जेरूसलम के महाप्रबंधक योनातन एलोन ने कहा, इलियास के पास प्रभावशाली बायोडाटा और बास्केटबॉल का व्यापक ज्ञान है। वह हमारा नेतृत्व करने के लिए सही कोच हैं क्योंकि हमारा लक्ष्य सभी खिताबों के लिए प्रतिस्पर्धा करना है।

ऑस्ट्रेलिया के सफेद गेंद दौरे के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित, हेटमायर बाहर

एंटीगुआ। पिछले साल के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ टीम से बाहर किए जाने के बाद शिमरोन हेटमायर को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की वनडे और टी20 दोनों टीमों से बाहर कर दिया गया है।

फ्रैंचाइज़ी अनुबंध लेने के लिए टेस्ट दौरे के लिए खुद को अनुपलब्ध बताने के बाद जेसन होल्डर और काइल मेयर्स को टी20 टीम में शामिल किया गया है। होल्डर या मेयर्स में से कोई भी टी20ई से पहले होने वाले तीन मैचों के लिए वनडे टीम का हिस्सा नहीं है, जबकि बल्लेबाज ब्रैंडन किंग और शेरफेन रदरफोर्ड को टी20ई में लौटने से पहले फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने की अनुमति दी गई है।

शाई होप की कप्तानी वाले वनडे रुप में दो संभावित नवोदित खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें ग्रेनेडियन शीर्ष क्रम के बल्लेबाज टेडी बिशप और गुयाना के विकेटकीपर-बल्लेबाज टेविन इमलाच हैं, जो टेस्ट टीम का भी हिस्सा हैं। ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स और केवम हॉज और लेगस्पिनर हेडन वॉल्श जूनियर को वापस बुलाया गया है। वनडे में 104.55 के स्ट्राइक-रेट के साथ 32.23 के औसत वाले हेटमायर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टी20 में 1 और 2 के स्कोर के साथ फॉर्म के लिए संघर्ष किया, जिसके बाद तीन वनडे में 32, 0 और 12 का स्कोर रहा। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज जीतने के बाद हम उम्मीद कर रहे हैं कि हमारी वनडे टीम ऑस्ट्रेलिया में काफी प्रतिस्पर्धी होगी। हमारे पास कुछ नए समावेशन हैं, जिन्होंने एक महत्वपूर्ण अवधि में प्रभावित किया है और कुछ वापसी करने वाले खिलाड़ी हैं, जिनके बारे में हमें लगता है कि उनका प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा, टी20 श्रृंखला, आगामी टी20 विश्व कप के लिए हमारी महत्वपूर्ण तैयारियों का हिस्सा है जहां हम मेजबान हैं। हम भारत और इंग्लैंड के खिलाफ मजबूत समग्र प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं और जैसे-जैसे हम प्रमुख टूर्नामेंट के करीब पहुंच रहे हैं, सुधार करते रहेंगे। तीन वनडे मैच 2, 4 और 6 फरवरी को मेलबर्न, सिडनी और कैनबरा में होंगे, इसके बाद 9, 11 और 13 फरवरी को होबार्ट, एडिलेड और पर्थ में टी20 मैच होंगे।

अखिल भारतीय सिविल सेवा वॉलीबाल के लिए 15 को होगा खिलाड़ियों का चयन : अनिल

पलवल। महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के लिए अखिल भारतीय सिविल सेवा वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 18 से 22 फरवरी 2024 तक महाराष्ट्र प्रदेश के पूणे में स्थित श्री शिवतृप्ति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बलेवाडी में होगा। इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य की ओर से भाग लेने वाले वॉलीबाल खिलाड़ियों के लिए आगामी 15 जनवरी 2024 को चयन जिला करनाल में किया जाएगा। यह जानकारी जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार ने बुधवार को दी है।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के लिए अखिल भारतीय सिविल सेवा कैरम प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 10 फरवरी से 15 फरवरी 2024 तक पाटलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पटना में होगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले

अधिकारियों अथवा कर्मचारियों का चयन 11 जनवरी 2024 को अंबाला छावनी के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अधिकारी अथवा कर्मचारी इस चयन स्पर्धा में प्रातः 10 बजे तक निर्धारित स्थान पर पहुंचना सुनिश्चित करें। जिला पलवल के सभी विभागों में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों को इन चयन स्पर्धाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को निर्धारित की गई तिथि, समय व स्थान पर पहुंचना होगा। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने विभाग से यह प्रमाण पत्र देना होगा कि वे अमुक विभाग के कार्यालय में अधिकारी अथवा कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं तथा इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु जाने व वापिस आने का किराया संबंधित विभाग अथवा खिलाड़ी द्वारा वहन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि इस चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले सिविल सेवा कर्मचारी टीए-डीए अपने विभाग से लेंगे। केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड नई दिल्ली के अनुसार विभिन्न श्रेणी के कर्मचारी एआईसीएस के लिए पात्र नहीं होंगे, जिनमें रक्षा सेवाओं, अर्धसैनिक संगठन, केंद्रीय पुलिस संगठन, पुलिस, आरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एनएसजी आदि में वर्दीधारी कर्मी, स्वायत्त निकायों, उपक्रमों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कर्मचारी, भले ही वे प्रशासनिक रूप से केंद्रीय मंत्री द्वारा नियंत्रित हों, आकस्मिक, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी, अस्थाई ड्यूटी पर कार्यालयों से जुड़े कर्मचारी और एक नवनियुक्त नियोजित व्यक्ति जिसने नियमित स्थापना या सेवा में 6 महीने से कम समय बिताया हो आदि शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलियन मास्टर्स गोल्फ : 68 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर पहुंची अवनि प्रशांत

मेलबर्न। भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत ऑस्ट्रेलियन मास्टर्स ऑफ एमेच्योर टूर्नामेंट में 5-अंडर 68 के शानदार स्कोर के साथ एक राउंड बाकी रहते हुए लीडरबोर्ड पर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। मेलबर्न में खेल रही अवनी ने अपने पहले 71 में 68 जोड़े और अब 7-अंडर हैं। वह पार-73 साउथ गोल्फ क्लब में जापान की नीका इतो (68-70) से एक शॉट पीछे हैं।

अवनि ने बर्डी की दो (कोर्स के दोनों किनारों पर एक-एक) हैट्रिक बनाई। उन्होंने सात बर्डी और दो बोगी लगाईं। वह अब 36 होल तक 7-अंडर है और लीडर से सिर्फ एक स्ट्रोक पीछे है। अवनि ने तीसरे, चौथे, पांचवें, 10वें, 11वें और 12वें और 17वें होल पर बर्डी लगाई और 13वें और 18वें होल पर शॉट गिराए। भारत की अन्य खिलाड़ी हीना कांग (83-85) एक बार फिर रंग में नहीं दिखीं और महिलाओं में 69वें स्थान पर रहीं।

पुरुष वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के मैक्स मोरिंग (67-67) 10-अंडर के कुल स्कोर के साथ जैकरी स्वानविक (67-67) के साथ शीर्ष स्थान पर हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया के सिद्धार्थ नादिमपल्ली (69-67) 8-अंडर के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

भारत के रोहित नरवाल (76-70) ने अपने प्रदर्शन में सुधार किया और ओवरनाइट टी-79 से टी-52 पर पहुंच गये। संदीप यादव (84-74) 95वें स्थान पर रहे।

क्रिकेटर संदीप लामिछाने को बलात्कार मामले में 8 साल कैद की सजा

काठमांडू । नेपाल की अदालत ने स्टार क्रिकेटर संदीप लामिछाने को बलात्कार के मामले में 8 साल कैद की सजा सुनाई। शिशिर राज ढकाल की पीठ ने सुनवाई के बाद मुआवजे और जुर्माने के साथ 8 साल कैद का फैसला सुनाया, इसकी पुष्टि अदालत के अधिकारी रामू शर्मा ने की। काठमांडू जिला न्यायालय की अदालत ने पहले नेपाल के क्रिकेटर संदीप लामिछाने को बलात्कार के मामले में दोषी ठहराया था। पिछले साल दिसंबर में शिशिर ढकाल की पीठ ने दोनों पक्षों के अंतिम बयान सुनने के बाद फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने इससे पहले इस साल 23 फरवरी को मामले को त्वरित फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया के माध्यम से समाप्त करने का आदेश दिया था, लेकिन अलग-अलग अवसर प्रदान करने के कारण सुनवाई रुकी हुई थी। बलात्कार के आरोपी पूर्व राष्ट्रीय टीम के कप्तान के विश्व कप क्वालीफायर में भाग लेने के लिए जिम्बाब्वे की यात्रा के बाद अदालत ने बार-बार सुनवाई रोकी थी।

आईटीएफ महिला ओपन में सीधे प्रवेश पाने वाली Ankita Raina एकमात्र भारतीय

बेंगलुरू। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अंकिता रैना एकमात्र भारतीय हैं जिन्हें यहां कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ की मेजबानी में 14 जनवरी से होने वाले आईटीएफ महिला ओपन के लिए सीधे प्रवेश मिला है। पिछले साल की उप विजेता और एकल में दुनिया की 208वें नंबर की खिलाड़ी अंकिता मुख्य वर्ग में सीधे प्रवेश पाने वाली 20 खिलाड़ियों में शामिल हैं। 4 खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड दिया जाएगा जबकि 8 खिलाड़ी क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाएंगी। एकल मुख्य ड्रॉ में भारत की 10 खिलाड़ी खेल सकती हैं। अंकिता के अलावा मेजबान देश की चार खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड मिला है जबकि 5 खिलाड़ी क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बना सकती हैं। क्वालीफायर 14 और 15 जनवरी को होंगे। स्थानीय खिलाड़ी सोहा सादिक (एकल रैंकिंग 823) और सुहिता मारुरी (एकल रैंकिंग 1239) वाइल्ड कार्ड पाने वाली भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। लात्विया की दार्जा सेमेनिस्ताजा 143वीं एकल रैंकिंग के साथ शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं। यह टूर्नामेंट का तीसरा सत्र होगा जो पहली बार दूधिया रोशनी में खेला जाएगा।

फाइनल 21 जनवरी को होंगे। प्रतियोगिता की कुल इनामी राशि 40 हजार डॉलर है और विजेता को 50 डब्ल्यूटीए अंक भी मिलेंगे।

पंजाब एफसी ने कलिंगा सुपर कप के लिए घोषित की टीम, पहले मैच में चेन्नईयिन से होगा सामना

भुवनेश्वर। पंजाब एफसी (पीएफसी) ने कलिंगा सुपर कप के ग्रुप सी में साथी आईएसएल टीम चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ अपने पहले मैच से पहले प्रारंभिक 27 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जो यहां कलिंगा स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच शाम 7:30 बजे शुरू होने वाला है। पंजाब एफसी को आईएसएल समकक्षों चेन्नईयिन एफसी और मुंबई सिटी एफसी के साथ समूह में रखा गया है। आई-लीग टीम गोकुलम केरला एफसी ग्रुप में चौथी टीम है। मुख्य कोच स्टाइकोस वेरगेटिस ने टीम को लेकर कहा, 'हमने शेष सीज़न को ध्यान में रखते हुए आईएसएल में खेलने वाले खिलाड़ियों के साथ एक टीम का चयन किया है। सुपर कप हमें अच्छा प्रदर्शन करने और सीज़न में कुछ गति हासिल करने का मौका देगा। उन्होंने कहा, 'पिछली मुलाकात में हमने चेन्नईयिन के खिलाफ अच्छा नतीजा निकाला था और मुझे उम्मीद है कि कल

के मैच में भी हमें सकारात्मक नतीजा मिलेगा। हमारी तैयारी वैसी ही बनी हुई है और हम एक समय में एक मैच पर ध्यान देंगे।'

कलिंगा सुपर कप 2024 के लिए पंजाब एफसी की टीम-

गोलकीपरः किरण कुमार लिम्बु (नेपाल), रवि कुमार, जसकरनबीर सिंह ढिल्लों।

डिफेंडरः खैमिंगथांग लुंगडिम, टेकचाम अभिषेक सिंह, नोंगमेइकापम सुरेश मैतेई, मेलरॉय असीसी, दिमित्रियोस चट्ज़िसाईस (ग्रीस), मोहम्मद सलाह, नितेश दार्जी, निखिल प्रभु।

मिडफील्डरः रिकी जॉन शाबोंग, ब्रैंडन वानलालरेमडिका, मंगलेनथांग किपगेन, किंग्सली फर्नांडीस, अमरजीत सिंह कियाम, आशीष प्रधान, जुआन मेरा गोंजालेज (स्पेन), स्वीडन फर्नांडीस, माडीह तलाल (फ्रांस), टोंगब्रम महेसन सिंह, सैमुअल जेम्स किंशी लिंगदोह, खुंडोंगबाम कृष्णानंद सिंह।

फॉरवर्डः प्रशांत के. मोहन, डेनियल लालह्लिम्पुइया, लुका माजसेन (स्लोवेनिया), विल्मर जॉर्डन गिल (कोलंबिया)।

आईसीसी ने अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2024 के लिए की मैच अधिकारियों की घोषणा

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2024 के लिए नियुक्त मैच अधिकारियों की सूची घोषित कर दी है। इस टूर्नामेंट का आयोजन 19 जनवरी से 11 फरवरी तक दक्षिण अफ्रीका में किया जाएगा। टूर्नामेंट के संचालन के लिए 16 अंपायरों और चार मैच रेफरी के एक अनुभवी रोस्टर का चयन किया गया है, जो कुल 41 मैचों की देखरेख करेगा।

शुरुआती ग्रुप स्टेज मुकाबलों के लिए भी मैच आधिकारियों की पुष्टि की गई है, जिसमें 19 जनवरी को पोटचेफस्ट्रूम में मेजबान दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज के बीच शुरुआती मैच की जिम्मेदारी संभालने वाली एक कुशल टीम शामिल है। मैच के लिए मैदानी अंपायर रोलैंड ब्लैक (आयरलैंड) और गाजी सोहेल

(बांग्लादेश) होंगे। श्रीलंका के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ग्रीम लेब्रॉय इस मुकाबले के लिए मैच रेफरी होंगे, इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में यह उनकी छठी उपस्थिति होगी। मैच के तीसरे अंपायर पाकिस्तान के राशिद रियाज वकार और चौथे अंपायर के रूप में अफगानिस्तान के बिस्मिल्लाह जान शिनवारी होंगे।

अगले दिन, 20 जनवरी को ब्लोमफोंटेन में गत चैंपियन भारत का बांग्लादेश के खिलाफ आमना-सामना होगा। ऑस्ट्रेलिया के डोनोवन कोच और वेस्टइंडीज के निगेल डुगुइड उस मैच की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि जिम्बाब्वे के लैंगटन रुसेरे चौथे अंपायर के रूप में, और दक्षिण अफ्रीकी जोड़ी अल्लाहुद्दीन पालेकर टीवी अंपायर और शैद वाडवल्ला मैच रेफरी के रूप में होंगे। पालेकर और बोंगानी जेले अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में उपस्थित होने वाले मेजबान देश के अंपायर होंगे। दोनों ने एक दशक से अधिक लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर का आनंद लिया है।

जेले में भारत के के.एन.ए पद्मनाभन के साथ पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच ईस्ट लंदन मैच के लिए ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। भारत के नारायणन कुट्टी मुकाबले के लिए मैच रेफरी होंगे, जबकि ऑस्ट्रेलिया के फिल गिलेस्पी और जिम्बाब्वे के फोर्स्टर मुतिज़वा क्रमशः टीवी अंपायर और चौथे अंपायर होंगे। श्रीलंका और जिम्बाब्वे 21 जनवरी को किम्बर्ली में पहला मैच खेलेंगे। मैदान पर माइक बर्न्स और पैट्रिक गस्टर्ड अंपायरिंग करेंगे, जबकि बांग्लादेश के मसूदुर रहमान मुकुल टीवी अंपायर की भूमिका निभाएंगे, पाकिस्तान के फैसल खान अफरीदी चौथे अंपायर और इंग्लैंड के वेन नून मैच रेफरी होंगे।

हरमनप्रीत से कोई शत्रुता नहीं, यह बस प्रतिस्पर्धी क्रिकेट है : एलिसा हीली

नवी मुंबई। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने उनके और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के बीच शत्रुता पनपने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि वे कहा कि वे सिर्फ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे थे। भारत ने वानखेड़े स्टेडियम पर ऑस्ट्रेलिया को पहली बार टेस्ट मैच में हराया लेकिन आस्ट्रेलिया ने वनडे श्रृंखला 3-0 से और टी20 2-1 से जीती। हीली ने तीसरा टी20 मैच सात विकेट से जीतने के बाद कहा, 'मैं इतना ही कहूंगी कि हम बस प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे थे।' टेस्ट मैच के दौरान हरमनप्रीत ने बल्लेबाजी के दौरान हताशा में एलिसा की तरफ गेंद फेंकी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने मुस्कुराकर जवाब दिया। गेंद उनके बल्ले से टकराकर सीमारेखा पर चली गई जबकि फील्डिंग में बाधा पहुंचाने की हरमनप्रीत की अपील खारिज हो गई। एलिसा ने कहा, 'हम दोनों कप्तान की भूमिका अलग अलग तरह से निभाते हैं। मेरी तरफ से शत्रुता

जैसा कुछ नहीं है। मैं स्टम्प के पीछे काफी आक्रामक रहती हूं और अगर आप इसका मुकाबला करना चाहते हैं तो उसी तरीके से तैयार रहना होगा।' उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश में इस साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप और भारत में अगले साल 50 ओवरों के विश्व कप के लिये यह दौरा काफी महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा, 'हमें महत्वपूर्ण अनुभव मिला। हमें पता चला कि कहां मेहनत करने की जरूरत है।

विश्व कप में प्रतिस्पर्धा काफी कठिन होती है। लगातार मैच जीतने होते हैं और इस दौरे से हमें तैयारी में मदद मिलेगी।'

मालनपुर नगर परिषद क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में सभी करें सहयोग -अविनाश मिश्रा

दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता
मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत

मालनपुर नगर परिषद एवं गोदरेज कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड की फीडबैक फाऊंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के सनयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर को कचरा मुक्त शहर बनाने के तहत कार्यशाला का विकास भवन मालनपुर में आयोजन किया गया जिसमें कार्यशाला में उपस्थित जन समुदाय को फाउंडेशन ट्रस्ट के सीईओ अजय सिन्हा ने गीला कचडा सुखा कचडा एवं नेप पेपर कचरा आदि के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि मनुष्य का शरीर पांच तत्वों से बना है अगर यह कचरा खुले में जलाते हो तो पांच तत्वों को नुकसान होता है जैसे अग्नि वायु जल आकाश धरती इन सभी को नुकसान पहुंचता है हमारे जीवन में सबसे घातक है इसलिए समस्त उद्योग संचालकों को एवं क्षेत्रीय जनता से प्रार्थना है कि इस स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें क्योंकि मालनपुर क्षेत्र में 18हजार की आबादी में मात्र 15 हजार लोग ही इसको सहयोग प्रदान कर रहे हैं कारखाना प्रबंधकों भी फैक्ट्री से निकलने वाला सूखा गीला अन्य कचडा नगर परिषद को डोर टू डोर कचडा गाड़ी में डालें जिससे स्वच्छता पार्क जो लेहचुरा पूरा में इसका रीसाइकलिंग कर खाद बनाया जाकर जो कि पेड़ पौधों में काम आए जिससे नगर परिषद की आए बड़े स्वस्थ सर्वेक्षण कार्यशाला पर बोलते हैं गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड कंपनी जी एम अविनाश मिश्रा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वछता अभियान में उद्योग प्रबंधक एवं स्थानीय जनता एवं नगर परिषद कर्मचारी अधिकारियों का उत्तर दायित्व बनता है कि क्षेत्र में व्याप्त कचडा से तरह-तरह की बीमारियां जन्म लेती है इससे बचने के लिए घरों में दुकानों एवं उद्योग ईकाईयो में कचडा रोड पर फेंकने से बचाया जाए स्वच्छताही स्वच्छ ही जीवन के लिए स्वच्छता अति आवश्यक है कचडा को भंडारण कर नगर परिषद की गाड़ियों में डालें जिससे मध्य प्रदेश में हमारा भारत में दूसरा स्थान है तो हम क्यों ना नगर परिषद क्षेत्र मालनपुर जो उद्योग से जुड़ा है उसे सफाई स्वच्छता सुंदरता में प्रथम स्थान बनाएं इस कार्यक्रम की शुरुआत में नगर परिषद अध्यक्ष रायश्री मुकेश किरार एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गुर्जर दीप प्रचलित कर महात्मा गांधी को माल्यार्पण का शुरुआत की नगर परिषद क्षेत्र स्वच्छता प्रभारी बीना जैन स्वच्छता इस कार्यशाला में उपस्थित रहे उद्योग उप माहप्रबंधक अमित कुमार शर्मा नगर परिषद स्वच्छता इंस्पेक्टर राघवेंद्र शर्मा, हरिओम दुबे, नोवा सी एम ओ यशवंत राठौर योगेश सिंह चौहान, एचआर हेड सुप्रीम, जमना ऑटो महेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह पारस पुष्पमाणी पांडे, सूर्या रोशनी सिक्योरिटी हेड, सनफार्मा सरदार जगदेव सिंह, संदीप शर्मा, रोकी जैन एवं स्थानीय गणमन नागरिक व नगर परिषद पार्षद गण मौजूद रहे

श्रीहनुमान मंदिर में 56 प्रकार का लगेगा भोग 21सौ दीप जलाकर होंगी महाआरती

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । शहर के प्रसिद्ध जामना वाले श्रीहनुमान मंदिर सेंथिया बाग में 22 जनवरी को आयोध्या में होने वाले रामलला सरकार की स्थापना के उपलक्ष्य में भगवान श्रीराम दरबार में 56 प्रकार के भोग लगाकर और 2100 दीपों को जलाकर महाआरती का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के कार्यक्रम संचालक सत्यनारायण सैंथिया ने बताया सारे दिन मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन होगा साथ ही विशेष प्रकार से मंदिर को सजाया जाएगा। उन्होंने कहा वर्षों की तपस्या और संघर्ष के बाद भगवान श्रीराम का मंदिर अयोध्या में बन रहा है,जिसमे रामलला सरकार विराजमान हो रहे हैं। इसलिए हम भी उक्त कार्यक्रम करके सनातन धर्म की जीत और रामलला सरकार के विराजमान होने की खुशी मना रहे है। उन्होंने शहर वासियों से भी उक्त कार्यक्रम से शामिल होने की अपील की है।

मंत्री श्री शुक्ला 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में करेंगे ध्वजारोहण

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में गौरवशाली गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 का जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड भिण्ड के मैदान पर मनाया जाएगा।भारत पर्व का सायं 7 बजे निराला रंग बिहार में होगा आयोजन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भिण्ड रवि मालवीय ने बताया कि लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन 26 जनवरी 2024 को सायं 7 बजे से निराला रंग बिहार मेला भिण्ड में होगा। जिसमें समस्त अधिकारी/ कर्मचारी एवं आमजन परिवार सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें।शासकीय भवनो एवं राष्ट्रीय महत्व के स्मारको पर रहेगी रोशनीराज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समस्त शासकीय भवनों एवं ऐतिहासिक स्थलो पर 21 जनवरी 2024 से 26 जनवरी 2024 तक रोशनी कराई जाएगी।

नशा व्यक्ति के भविष्य को नाश करने वाला है - उमाकांत शर्मा

विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची गेंहूखेडी

अभिषेक कुशवाह

सिरोंज -नशा व्यक्ति के भविष्य को , परिवार को नाश करने वाला नशे में कई आकस्मिक दुर्घटनायें हो जाती है अतः आज से ही युवाओ को बडे बुजूर्गो को नशा छोडने की आवश्यकता है उक्त बात विधायक उमाकांत शर्मा गेंहूखेडी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कही वही कार्यक्रम में पहुंचे विधायक उमाकांत शर्मा ने सबसे पहले स्कूली छात्र/छात्राओ से बात की एवं उनसे मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के बारें पूछा जिसमें जिन बच्चो के द्वारा सही उत्तर दिया गया उनका उत्साहवर्धन एवं मंच से सम्मान भी किया गया ।वही कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती एवं भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण से हुई इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में बालिकाओ के द्वारा सुंदर गीतो की प्रस्तुति भी दी गई एवं तीन क्रिज प्रतियोगिता के विजेता प्रेम सिंह, सौरभ शर्मा , हरगौविंद का भगवा दुपट्टे से विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा सम्मान किया गया ।

पीएचई विभाग की कार्यशैली पर नाराज हुए विधायक -वही कार्यक्रम में विकसित

भारत संकल्प यात्रा के उद्देशय एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाई जा रही नो गारंटी नो योजनाओ से ग्रामीणो को अवगत कराया एवं उनकी समस्याऐं भी सुनी जिसमें सबसे अधिक नाराजगी पानी को लेकर देखने को मिली जिसमें ग्रामीणो के द्वारा पानी की समस्या को लेकर विधायक जी के सामने रखी जिस पर विधायक उमाकांत शर्मा ने मंच से ही पीएचई अधिकारियो पर नाराजगी व्यक्त की एवं अधिकारियो को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश भी मंच से दिये ।

वही कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा ने महिलाओ के साथ बैठकर ढोलक की थाप के साथ झांझर मंझीरो के साथ राम भजन गायें एवं कार्यक्रम के अंत ग्रामीणो के साथ कीर्तन में सहभागी हुए है और नृत्य भी किया वही इस दौरान जिला पंचायत के उपाध्यक्ष दरयाव सिंह सिंह कुर्मी , मंडल अध्यक्ष झार सिंह दांगी , जनपद अध्यक्ष हमीर सिंह यादव , पूर्व जनपद अध्यक्ष जितेन्द्र बघेल , पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भैरो सिंह कुर्मी , संजीव माथूर , भागीरथ कुर्मी , नीलम यादव , लेखराज राजपूत ,महेन्द्र सिंह दांगी , जनदप सीईओ वंदना शर्मा सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहें । गउ मंदिर पर की सफाई गेंहूखेडी में स्थित गउ मंदिर व हनुमान मंदिर में विधायक उमाकांत शर्मा ने पहुंचकर स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की एवं क्षेत्र के लोगो को स्वच्छता के महत्व से भी अवगत कराया वही उन्होने ग्रामीणो से पौराणिक मंदिर की जानकारी ली जिसमें गॉव का नाम गेंहूखेडी नही बल्कि यहां पूराना गउ मंदिर होने के नाते गउखेडी हुआ करता था लेकिन आज परिवर्तित होंकर गेंहूखेडी हो गया है ।

संतोषी माता मंदिर पर चलाया स्वच्छता अभियान

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिण्ड- दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अनुयायी में होने जा रहे राम जन्म भूमि परिसर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के जनअभियान के तहत शहर के प्रमुख धार्मिक अटेर रोड स्थित संतोषी माता मंदिर पर साफ-सफाई की तथा रामभक्तों को पीले चावल देकर राम प्रतिष्ठा महोत्सव में पहुंचने का आव्हान किया। वहीं सभी साधु-संतों के साथ झाडू उठाकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई की और लोगों को अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के लिए जागरूक किया और स्वच्छता के प्रति कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि भारत स्वच्छता पर आगे बड़े,इसके लिए हम सबकी जनभागीदारी इस अभियान में अति आवश्यक है। वहीं उन्होंने 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के तहत एक दीपक एवं मंदिर पर सजावट करने के लिए मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों से आग्रह किया।स्वच्छता अभियान में अवधेश सिंह कुशवाह एडवोकेट,श्री राम मंदिर संकल्प अभियान समिति के जिला संयोजक राम प्रकाश तिवारी,वरिष्ठ पत्रकार सत्यनारायण शर्मा,पूर्व जिला उपाध्यक्ष राम प्रकाश शर्मा जिला महामंत्री मनोज अनंत,जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अतिराज सिंह नरवरिया,जिला कार्यालय सह मंत्री रोहित,शाक्य सुभाष मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदौरिया टीपू,श्याम किशोर दीक्षित,धर्मवीर सिंह भदौरिया, गिर्राज किशोर अग्रवाल शैलू, विष्णु कुमार शर्मा,नगर उपाध्यक्ष देवी राठौर जिला महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष विनीत सोनी आभी नारोलिया रितेश सिंह भदौरिया प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सतना कलेक्टर साहब के 2 साल पूरा होने पर दी गई बधाई

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा जी के सतना में दो साल बेहतरीन,बेमिशाल,गरीब कल्या, हर योजना को धरातल तक पहुंचाने वाले बाल वस्त्र दान योजना के सफल आयोजन साथ ही 2 साल बेमिसाल पूरा होने पर माननीय कलेक्टर महोदय सतना को भगवान गैवीनाथ जी का स्मृति समाजसेवी श्री कांत त्रिपाठी बिरसिंहपुर चिन्ह भेट किया

श्री राम लला की पाण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में श्री नर्मदेश्वर महादेवमंदिर में राम कथा का आयोजन

महेंद्र शर्मा संपादक पुष्पांजलि टुडे

मुरार स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी श्री केसी शर्मा द्वारा प्रेस को दी जानकारी के अनुसार मुरार ग्रामीण में स्थिति वीर आवास सैनिक कॉलोनी खुरेरी मैं राम कथा का आयोजन सैनिक आवास कालोनी केभक्तों के सहयोग से श्री राम लला पाण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर दिनांक 15/1/24से राम कथा पारंभ हुई है जिसका समापन 22/1/24को होगा।कथा व्यास पं श्री संजयानंद जी महाराज के द्वारा माघ मास मे कही जा रही है।कथा में सभी भक्त भक्ती भाव से श्रवण कर रहे हैं और सहयोग कर रहे हैं।

एफसीआई गोदाम में चावल को भी जमा करें

कोरिया कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सहायक पंजीयक, समिति प्रबंधकों और मिलर्स की बैठक ली। बैठक में उन्होंने धान खरीदी के शेष दिनों में ईमानदारी और सतर्कता के साथ पात्र किसानों की धान खरीदी, धान का उठाव एवं चावल जमा करने के संबंध में कहा कि जिन मिलर्स का डीओ जारी किया गया है, वे शीघ्र धान का उठाव करें और एफसीआई गोदाम में चावल को जमा करें।कलेक्टर श्री लंगेह ने मिलर्स से कहा कि बारदाना अच्छी गुणवत्ता का दें। फटे बारदानों को रिपेयरिंग कराएं और पुराने बारदाने बदलकर अच्छे बारदाने समिति प्रबंधकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। फटे-पुराने बारदानों में धान का उठाव बिल्कुल भी नहीं करें ताकि बिना नुकसान के धान का सुरक्षित उठाव हो सके। उन्होंने कहा कि समिति प्रबंधक और मिलर्स आपसी समन्वय से कार्य करें, जिससे धान खरीदी और धान उठाव में कोई समस्या नहीं हो। सोसायटी एवं बारदाना संबंधित जानकारी के संबंध में सहकारिता जिला विपणन अधिकारी को उचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।जानकारी के मुताबिक कोरिया खरीफ धान विपणन वर्ष 2023-24 में पंजीकृत किसानों की संख्या 22 हजार 274 हैं, वहीं बोए गए रकबा करीब 31 हजार हेक्टेयर हैं। इस वर्ष 1 लाख 13 हजार 666 मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है, जिसमें से अब-तक 14 हजार 479 किसानों से 86 हजार 151 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। जिले में 12 पंजीकृत मिल है, जिसकी 59 मीट्रिक टन क्षमता है। सीएमआर नान में अभी तक 7 हजार 776 मीट्रिक टन चावल जमा हो चुके हैं। अभी समितियों के पास पुराने गठान के अलावा 367 गठान नया जूट बारदाना उपलब्ध हैं।कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि शेष दिनों में बचे हुए पात्र किसानों के धान की खरीदी करें। मंडी प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि कोचियों, बिचौलियों के खिलाफ कार्यवाही करें। नान में त्वरित जमा चावल जमा करने के निर्देश भी दिए। श्री लंगेह ने अवैध धान की शिकायत मिलने और जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के रकबे में वास्तविक धान उत्पादन की ही खरीदी करें। इससे अधिक धान की खरीदी करने पर समिति प्रबंधकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पारदर्शिता पूर्वक धान खरीदी केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।अपर कलेक्टर श्री नीलम टोप्पो, सम्बंधित विभाग के अधिकारी, समिति प्रबंधक और मिलर्स उपस्थित थे

सिमुलतला में शीशम बागान के बगल में स्थानांतरित हटिया का शुभारंभ जिला पार्षद सदस्या विभा सिंह के द्वारा किया जाएगा

जमुई बिहार।गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ शीशम बागान के बगल में स्थानांतरित हटिया का शुभारंभ जिला पार्षद सदस्या विभा सिंह के द्वारा किया जाएगा। हटिया स्थानांतरित कहां हो इस लेकर एक बैठक स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध लोगों के साथ आसनसोल रेल मंडल से आए अधिकारियों की एक टीम के सम्मुख प्रथम श्रेणी प्रतिक्षालय में आयोजित किया गया। बैठक में सीनियर डीईएम ई एंड एचएम अभिनाश कुमार, सहायक कमांडेंट आरपीएफ परवेज खान, निरीक्षक आरपीएफ जसीडीह देवेंद्र कुमार, सहायक अभियंता पिंटू कुमार दास, आईओडब्लू मनीष कुमार, पियूष कुमार स्टेशन प्रबंधक अखिलेश कुमार आदि उपस्थित थे। बैठक के दौरान दो पक्षों के द्वारा अपने - अपने साइड में हटिया बाजार ले जाने पर अड़े थे। विदित हो की डीआरएम आसनसोल ने निरीक्षण के दौरान वर्तमान जगह जहां हटिया चल रहा था वहां से स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। इस वावत एक बैठक स्टेशन प्रबंधक की अध्यक्षता में आयोजित कर सर्वसम्मति से शीशम बागान के बगल में ले जाने पर सहमति बनी थी। बाद में डीआरयूसीसी सदस्य के साथ कुछ लोगों ने हटिया को लाइन के दूसरी और ले जाना चाहा। आज की बैठक में दोनों पक्षों से बात कर हटिया

सर्वसम्मति से लगाने का प्रयास अधिकारियों ने करने का प्रयास किया। लेकिन दोनों पक्ष अपने - अपने और हटिया लगाने पर अड़े रहे। एक पक्ष का कहना था की मैं जिस और हटिया लगाना चाह रहा हूं उस और रैयतदार की जमीन है। इस पर अधिकारियों ने कहा अगर आप रेलवे से बाहर हटिया लगाते है तो इस पर रेलवे के किसी अधिकारी का कोई कमेंट नहीं होगा। अधिकारी उस और धरातली निरीक्षण करने से भी इंकार कर दिया। दूसरी और शीशम बागान के पास रेलवे की जमीन पर जहां हटिया स्थानांतरित होना है की और निरीक्षण किया एवं चयनित स्थल को सही बताया। अधिकारियों ने कहा रेलवे की जमीन पर लगने वाली हटिया की जगह साफ - सफाई की विशेष ख्याल रखा जाए। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा आप लोग एक दूसरे से एक जुट होकर रहे। उन्होंने आश्वस्त किया की हटिया स्थल के पास पानी बिजली की व्यवस्था का प्रयास किया जाएगा। बैठक में जिला पार्षद प्रतिनिधि आलोक राज, जिला सरपंच संघ के उपाध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद, कनौदी मुखिया प्रतिनिधि अताउल अंसारी, खुरंडा मुखिया प्रतिनिधि रामदेव यादव, राजेश यादव, नागेंद्र यादव, उदय सिंह, श्री ठाकुर आदि के साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

विधायक विष्णु खत्री विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल

बैरसिया। बुधवार को बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। सबसे पहले वह पीएमश्री शासकीय सरोजनी नायडू कन्या उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यायल में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में शामिल हुए। यहाँ पर उन्होंने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य को लेकर सचेत रहने के लिए समय-समय और स्वास्थ्य का परीक्षण कराने की बात कही।इसके उपरांत विधायक विष्णु खत्री दशहरा मैदान में आयोजित बैरसिया क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। यहाँ पर उन्होंने विजेता टीम गोल्डी विधु गुड्डू इलेवन को 21 हड़ार रुपए का पुरस्कार एवं ट्रॉफी, वही उपविजेता रही एमजेड बैरसिया बॉयज की टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस दौरान उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल सिंह मीणा, जिला महामंत्री कुबेर सिंह गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष राजमल कुशवाह एवं जिला महामंत्री लक्ष्मीनारयण शिल्पी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। **हमारा संकल्प विकसित भारत की दिलाई शपथ-**विधायक विष्णु खत्री बुधवार को ग्राम डुंगरिया में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शमिलन हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प एक बड़ा संकल्प है और यह संकल्प आप लोगों के सहयोग के बिना संभव नहीं है।

सबके पास पक्के मकान हो और सर्व सुविधा हो, हर घर तक पक्की सड़क हो, घर से लेकर पूरा गांव स्वच्छ रहे और हर पात्र को मिले शासन की योजनाओं का लाभ तब जाकर हम विकसित भारत बनाने की ओर बड़ पाएंगे।हमारी विधानसभा में सड़के गांव-गांव तक पहुंच गई है। पक्के मकानों की ओर हम अग्रसर है। स्वच्छता में भी धीरे आगे बड़ रहे है।उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है जब प्रशासन योजनाओं का लाभ देने के लिए चल कर आपके गांव आया है।

अपना गांव ,अपनी अयोध्या घर-घर में राम ,कण - कण में राम भारत की आत्मा राम-बोलो जय श्रीराम

योगेश शर्मा राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे

500 वर्षों के लंबे संघर्ष के पश्चात कार सेवकों के बलिदान साधु संतों की तपस्या,हिंदुत्व के संघर्ष के परिणाम स्वरूप यह शुभ घड़ी आई है कि विश्व के अनेक देशों सहित पूरे भारतवर्ष में दीपावली मनाई जा रही है । हमारे आराध्य प्रभु श्री राम अपने धाम पधार रहे हैं 22 जनवरी 2024 को भव्य प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है अतः हम भी इसमें सहभागी बने और अपना गांव , अपनी अयोध्या बनाएं । इस निमित्त सभी राम भक्तों से निम्न कार्य का आत्मीय आग्रह हैं :-

1)अपने घर पर श्री राम की ध्वज पताका फहरायें।
2) अपने घरों पर सीरीज,लाइटिंग लगाकर प्रकाश की व्यवस्था करें।
3) 22 जनवरी तक प्रतिदिन घर के बाहर दीपक जलाएं।
4) 22 जनवरी को रंगोली बनाएं।
5) आम के पत्ते के की बंदरबार लगाएं।
6) 22 जनवरी को अपने घर में विशेष पकवान ,खीर पूरी हलवा बनाकर भगवान को भोग लगाकर प्रसादी ग्रहण करें।
7) अपने मोहल्ले के मंदिर की साफ सफाई ,पुताई स्वच्छता करें।
8) अपने मोहल्ले के मन्दिरो को ही अयोध्या बनाना है अतः भजन ,रामधुन हनुमान चालीसा, सुंदर कांड आदि धार्मिक आयोजन करें।
8)अपने मोहल्लें को भगवा बन्दवार से सजाएं।
9) भव्य आतिशबाजी करें।
10) अपने मोहल्ले के मंदिर पर सभी मोहल्ले बसियो से आग्रह कर एक एक पकवान ,मिठाई आदि का आग्रह करें एवं छप्पन भोग लगाएं एवं प्रसादी को मोहल्ले वासियो को वितरण करें।
11) समापन पर संभव हो तो मोहल्ले वासियो का भंडारा करें।

पनडुब्बी मोटर चोरी करने वाले शातिर चोरों को मोटरसायकल सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी रघुवंश सिह, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय संजय चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना हाजा के अप. क्र. 15/24 धारा 379 भादवि के आरोपियान एवं मशरुका की तलाश हेतु त्वरित टीम तैयार कर रवाना किया गया बाद आरोपियान अभिषेक पुत्र घनश्याम मोगिया जाति पारदी उम्र 22 साल निवासी शिकारीपुरा थाना गोपालपुर जिला शिवपुरी एवं सुनील पुत्र पुन्ना मोगिया जाति पारदी उम्र 35 साल निवासी शिकारीपुरा थाना गोपालपुर जिला शिवपुरी को पुलिस हिरासत में लिया गया । अपराध सदर का मशरुका 03

पनडुब्बी मोटर मय मय मोटरसायकल क्र.रक्क33 रू0725 जप्त किया गया। कुल मशरूका कीमत करीब 95000/- हजार रुपये के जप्त किया गया है । उक्त कार्यवाही मे निम्माकिंत फोर्स की अहम भूमिका रही ।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि कुसुम गोयल, सउनि आर के सगर, प्रआर0 99 महेशदत्त शर्मा, प्रआर.275 अनिल कुमार, प्रआर.197 अभय सिंह, आर0 301 विमल बोहरे ,आर0 274 धर्मेन्द्र शर्मा ,826 प्रशांत गुर्जर ,आर0 740 रविन्द्र शर्मा, आर0 619 पवन कुमार, आर.598 अर्जुन जाट, म.आर.1146 प्रीति राठौर, 968 दामोदर भार्गव,की अहम भूमिका रही ।

राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए महाअभियान

भूमि-स्वामियों के वैध वारिस फौती नामांतरण एवं राजस्व अभिलेख अपडेट कराएं

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य से राजस्व विभाग द्वारा महा-अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह महा अभियान 29 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा।इस महा-अभियान में 15 जनवरी से सभी पटवारियो दवारा प्रत्येक ग्राम में बी-1 बाचन का कार्य किया जा रहा है। बी-1 बाचन के दौरान रिकार्ड में दर्ज ऐसे भूमि-स्वामी जिनकी मृत्यु हो चुकी है परन्तु उनके वैध वारिसान का फौती नामान्तरण नही हुआ है। उनके वारिसान इस अभियान के दौरान अपने संबंधित हल्का पटवारी से शीघ्र संपर्क स्थापित कर फौती नामांतरण एवं राजस्व अभिलेख में अद्यतन कराएं।इस महा-अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों आरसीएमएस में लम्बित प्रकरणों नामांतरण, बँटवारा, सीमाकंन, अभिलेख दुरुस्ती इत्यादि का समय सीमा में निराकरण करना, नवीन राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवायसी और खसरे की समग्र,आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

तुलसी आश्रम बडें हनुमान मंदिर में श्री राम कीर्तन दीपोत्सव कार्यक्रम होगा

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को भगवान श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए तुलसी आश्रम कत्था मिल के सामने बड़े हनुमान जी के मंदिर पर धार्मिक आयोजन गरिमामयी आयोजन संपन्न होगा इस दौरान भगवान श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पर अयोध्या में आयोजन होने वाले कार्यक्रम का लाइव प्रसारण मंदिर पर किया जाऐगा ,रामोत्सव के भव्य उत्साहपूर्ण गरिमामयी आयोजन को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कांत शर्मा ने बताया कि तुलसी आश्रम पर महंत घनश्याम दास जी और अभय रामदास जी की अध्यक्षता में 10:00 बजे से 12:00 बजे तक श्री राम कीर्तन 12:00 बजे महा आरती बा 3:00 बजे से जानकी सेवा संगठन शिवपुरी द्वारा सुंदरकांड का पाठ व शाम को दीपोत्सव कार्यक्रम तथा भजन मंडली द्वारा राम कीर्तन का आयोज भी किया जाएगा व प्रसाद वितरण भी होगा महंत घनश्याम दास जी महाराज द्वारा बताया कि आश्रम पर नवीन भगवान परशुराम सभा कक्ष में सुंदरकांड का पाठ संगीत में किया जाएगा तथा आरती के बाद पर मिष्ठान वितरण होगा तथा शाम को 5105 दीपक प्रज्वलित किए जाएंगे सभी भक्तगणों से आयोजन में सम्मिलित होने हेतु समय पर आने का आग्रह किया है

एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने शिविर लगाकर सुनी आमजन की समस्याएं

संवादाता हरिओम परिहार की खास रिपोर्ट
पिछोर (शिवपुरी)

शिवपुरी पुलिस अधीक्षक हरवंश सिंह के निर्देशन पर 18 जनवरी गुरुवार को सुबह 11 बजे से पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने अपने अनुविभागीय कार्यालय में शिविर लगाकर आमजन की समस्यायों को सुना।जानकारी देते हुऐ एसडीओपी शर्मा द्वारा बताया गया की सीएम हेल्पलाईन के द्वारा लोगों की शिकायतें लगी हुई थी जिससे समस्यायों का समाधान कम हो पाता था।जिस कारण उनकी समस्यायों के समाधान के लिए आज एक शिविर अनुविभागीय कार्यालय में लगाया गया था। जिसमे जो समस्याएं निराकरण लायक थी उनको मौके पर भी निपटाया गया। तथा जो समस्याये अन्य थानों से संबंधित थी, उन लोगों की समस्या के समाधान के लिऐ है सभी थाना प्रभारीयों को आदेश जारी किए गए।बही उन्होंने कहा है की इस तरह की आमजन की सुनवाई को हम जारी रखेंगे।जिससे आमजन की लंबित समस्यायों का निराकरण हो सके।

राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ग्राम मोहड़ पहुंचकर विकसित भारत संकल्प यात्रा में हुए शामिल पटवारी को हटाने के दिए निर्देश

पुष्पांजली टुडे

दमोह। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी जनपद तेंदूखेड़ा के ग्राम मोहड़ पहुंचकर विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। जहां राज्यमंत्री लोधी ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणजनों दी और उनकी समस्याओं को निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान नागरिको के द्वारा पटवारी की शिकायत की गई, जिसको गंभीरता से लेते हुए राज्यमंत्री लोधी ने उच्च अधिकारियों से दूरभाष के माध्यम से बात कर पटवारी की लिखित शिकायत आने पर हटाने के लिये कहा और अच्छे से कार्य करने वाले पटवारी को पदस्थ करने के निर्देश दिये।

प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए शासकीय कार्यालयों में विशेष सफाई अभियान चलाने हेतु निर्देशित पर शिवपुरी पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना स्तर एवं कार्यालयों मे की साफ सफाई कर किया गया रिकॉर्ड व्यवस्थित

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-प्रदेश सरकार द्वारा सभी विभागों को साफ सफाई अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया है जिसके तहत पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा सभी पुलिस इकाइयों को अपने थाना एवं कार्यालयों मे दिनांक 21.01.2024 तक विशेष साफ सफाई अभियान चलाने हेतु आदेशित किया है । उक्त आदेश के पालन मे आज दिनांक 18.01.2024 को जिला शिवपुरी मे पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव कुमार मुले द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालयों, शिवपुरी जिले के समस्त थानों, चौकियों एवं अन्य पुलिस कार्यालयों मे साफ सफाई अभियान चलाया गया । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बल के साथ कार्यालय मे साफाई की गयी । इसी प्रकार सभी अनुविभागीय अधिकारियों, थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालय एवं थानों मे भवनों एवं परिसर की साफ सफाई की गयी व साथ ही फाइलों एवं रिकॉर्ड व थानों के माल खानों मे मुद्देमाल / शासकीय संपत्ति को व्यवस्थित रूप से संधारित किया है । शिवपुरी पुलिस द्वारा कार्यालयों एवं थानों पर कूड़ेदानों की व्यवस्था की जा रही है एवं टूटे हुए कूड़ेदानों की मरम्मत कर उन्हे उपयोग के लिये सही किया जा रहा है । पुलिस अधीक्षरक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया एवं अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यालयों व आवासीय परिसरों में साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित व प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि शासकीय परिसरों में सदैव स्वच्छता की दृष्टि से अनुकूल वातावरण निर्मित बना रहे ।

कर्नाटक फसे 60 मजदूरों को सकुशल अपने-अपने घर पहुंचाने पर परिजनों मे पुलिस अधीक्षक का किया धन्यवाद

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह को मजदूरों के परिवारजन द्वारा दिनांक 13.01.024 को लिखित आवेदन दिया गया था जिसमें बताया गया कि हमारे परिवार एवं आसपास के क्षेत्र के परिवार के लोग मजदूरी करने तीन माह पहले कर्नाटक गये थे जिनको अनिल जाटव नाम का व्यक्ति मजदूरी के लिये ले गया था जिनसे वर्तमान में कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। उक्त सूचना को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा गंभीरता एवं प्राथमिकता से लेते हुये त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये । जिसपर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले एवं एसडीओपी कोलारस श्री विजयकुमार यादव के मार्गदर्शन में नगर निरीक्षक कोलारस जितेन्द्र सिंह मावई ने टीम तैयार कर मजदूरों की तलाश हेतु कर्नाटक रवाना की । कर्नाटक के ग्राम कोरवार थाना मडबूर, ग्राम रेवग्गी थाना कानगी जिला गुलबर्गा में मोबाईल लॉकेशन के आधार पर मजदूरों की तलाश की जो अगल अगल जगहों पर मजदूरी करते मिले लापता हुये कुल 60 मजदूरों को आज दिनांक 18.01.2024 को सकुशल शिवपुरी लाया गया है, शिवपुरी पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही पर मजदूरों एवं परिवारजनों द्वारा पुलिस अधीक्षक शिवपुरी से भेंट की और पुलिस अधीक्षक शिवपुरी का तह दिल से धन्यवाद किया व प्रशन्न होकर अपने परिवार जनों के साथ घर को रवाना हुये । पुलिस द्वारा प्रथक से वैधानिक कार्यवाही की जावेगी । कार्यवाही में सम्मलित टीम को श्रीमान पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्रीमान रघुवंश सिंह द्वारा पुरुष्कृत किया जावेगा।उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मावई, उनि राघवेन्द्र संह यादव, सउनि रामसिंह भिलाला, प्र. आर. 475 नरेश दुबे, प्र. आर. 776 नीतू सिंह, आर. 291 राहुल परिहार, आर. 88 पुष्पेन्द्र रावत (सउनि अजय पाल, प्र. आर. 315 विकास चौहान, आर. आलोक व्यास सायबर सेल शिवपुरी) की विशेष भूमिका रही।

विलरियानाथ के दंगल अखाडे में पहलवानों ने दिखाये दाव अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहलवानों ने जीते पुरूस्कार

संवादाता हरिओम परिहार की खास रिपोर्ट

पिछोर(शिवपुरी) पिछोर अनुविभाग के अंतर्गत मकर सक्रांति महोत्सव के दौरान लगने वाले विलरियानाथ मेले में क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी के नेतृत्व में कुश्ती दंगल अखाडे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज के पहलवानों ने अपनी कुश्ती का प्रदर्शन कर दाव दिखाये। चार दिनों तक चले कुश्ती दंगल अखाडे के दौरान एक से बडकर एक स्थानीय स्तर से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहलवानों ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुये हजारों के पुरूस्कार जीते। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवपुरी जिले के पिछोर अनुविभाग में मकर सक्रांति का पर्व अत्यधिक हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। जिसमें स्थानीय स्तर पर जगह जगह मेलों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में पिछोर के समीप धार्मिक स्थल विलरियानाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित चार दिवसीय मेले के दौरान जहां रामकथा का आयोजन किया गया वही क्षेत्रीय विधायक प्रीतमसिंह लोधी के नेतृत्व में कुश्ती दंगल अखाडे का आयोजन रखा गया। जिसमें दूर दराज के पहलवानों को आमंत्रित किया गया। कुश्ती के इन मुकावलों में एक लाख पचास हजार तक की कुश्ती लडी गई। जिसमें प्रथम पुरूस्कार एक लाख एवं द्वितीय पुरूस्कार पचास हजार रूपया रखा गया। जानकारी में बताया गया कि फायनल मुकावले में 32 कुश्तीयां लडी गई। जिसमें आठ कुश्तियां बराबर हुई एवं 24 कुश्तियां विजयी हुई। जिसमें चार कुश्ती महिला पहलवानों के द्वारा लड़ी गई। जिसमे महिला पहलवान विहार एवं दिल्ली की थी। महिला कुश्ती में पिछोर के ग्राम चमरौआ की लडकी ने भी कुश्ती में भाग लिया। कुश्ती में विजयी पहलवानों को विधायक प्रीतमसिंह द्वारा पुरूस्कृत किया गया। रैफरी की भूमिका राजेंद्र भाटी आगरा, कल्लू पहलवान ग्वालियर, कोनशाल लोधी बबीना, निक्कू सरदार जलालपुर द्वारा की गई।

इस प्रकार रहे कुश्तियों के मुकाबले

विलरियानाथ के कुश्ती दंगल अखाडे में हुई कुश्ती मुकावलों में जीतू ग्वालियर व हरेन्द्र आगरा बराबर पर रहे जिन्होंने एक लाख का पुरूस्कार प्राप्त किया वहीं पचास हजार की कुश्ती में वल्लू भिंड व अजीम ग्वालियर वराबर पर रहे। इक्कीस हजार की कुश्ती में सोनू ग्वालियर व कबीर जम्मू का बरावरी मुकाबला देखने को मिला। वहीं इक्कीस हजार की कुश्ती में कोनशाल ववीना विजय रहे अंकुश झांसी उपविजेता रहे। ग्यारह हजार की कुश्ती में अरवाज खान विजयी रहे। इकतीस हजार की कुश्ती में शाकिर खान मेरठ विजयी रहे। बीस हजार का पुरूस्कार दीपक पलवल हरियाणा ने पाया। इस प्रकार तमाम तरह की कुश्तियों में पहलवानों ने जोहर दिखाते हुये विधायक प्रीतमसिंह लोधी से अपना सम्मान प्राप्त किया।

भक्तो की रक्षा करने के लिए हुआ भगवान श्री कृष्ण का अवतार -आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज

पुष्पांजली टुडे

दमोह। ग्राम अहरोरा बलारपुर में समस्त ग्रामवासियो के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में कथावाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री शास्त्री जी महाराज ने कहा कि भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथी रोहिणी नक्षत्र बुधवार के दिन श्री कृष्ण का जन्म हुआ था. श्री कृष्ण का जन्म मथुरा की कारागार में हुआ था श्री कृष्ण का जन्म वसुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से आंठवी संतान के रूप में हुआ था. जन्म के बाद श्री कृष्ण को गोकुल नन्द यशोदा के पास भेज दिया गया था द्वापर युग में मथुरा के उग्रसेन राजा के बेटे कंस ने उन्हें सिंहासन से उतार कर कारागार में बंद कर दिया था और खुद को मथुरा का राजा घोषित कर दिया था कंस की चचेरी बहिन देवकी का विवाह वसुदेव के साथ तय कर दिया गया और बड़ी धूम-धाम के साथ वासुदेव के साथ उनका विवाह कर दिया गया. लेकिन जब कंस देवकी को हंसी-खुसी रथ से विदा कर रहा था, उस समय आकाशवाणी हुई की, देवकी का आठवां पुत्र ही कंस का वध करेगा आकाशवाणी सुनकर कंस घबरा गया।आकाशवाणी के बाद कंस ने बहन देवकी की हत्या करने की ठान ली लेकिन उस दौरान वासुदेव ने कंस को समझाया कि देवकी को मारने

से क्या होगा देवकी से नहीं, बल्कि उसको देवकी की आठवीं संतान से भय है वासुदेव ने कंस को सलाह दी कि जब हमारी आठवीं संतान होगी तो हम आप को सौंप देंगे और आप उसे मार देना। कंस को वासुदेव की ये बात समझ आ गई लेकिन वसुदेव और देवकी को कंस ने कारागार में कैद कर लिया।देवकी और वासुदेव की छः संतानों को कंस मार चुका था अब आठवाी संतान होने वाली थी आसमान में घने बादल छाए थे, तेज बारिश हो रही थी, बिजली कड़क रही थी और भगवान श्री कृष्ण का जन्म लेने वाले थे रात्रि ठीक 12 बजे कारागार के सारे ताले अपने आप टूट गए और कारागार की सुरक्षा में लगे सभी सैनिक गहरी नींद में सो गए उसी समय वासुदेव और देवकी के सामने भगवान श्री विष्णु प्रकट हुए और उन्हें कहा कि वे देवकी के गर्भ से आठवें पुत्र के रूप में जन्म लेंगे इतना ही नहीं, भगवान विष्णु ने कहा कि वे उन्हें गोकुल में नंद बाबा के यहां छोड़ आएं और वहां अभी-अभी जन्मी कन्या को ले आयें।वासुदेव ने भगवान विष्णु के बताए अनुसार ही किया।गोकुल से कन्या को लेकर आये कंस ने जैसे ही कन्या को मारने के लिए हाथ उठाया, कन्या आकाश में गायब हो गई और आकाशवाणी हुई कि कंस जिसे मारना चाहता है उनका तो जन्म हो चुका है आकाशवाणी सुनकर कंस और घबरा गया. कृष्ण को मारने के लिए कंस ने बारी-बारी से राक्षस गोकुल भेजे लेकिन कृष्ण ने सभी का वध कर दिया आखिर में श्री कृष्ण ने कंस का भी वध कर दिया।

श्रीमद भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ आज निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

पुष्पांजली टुडे

दमोह। अत्यंत हर्ष का विषय है कि आनंद वृंदावन गुरुदेव प्रातः स्मरणीय परम पूज्य स्वामी अखण्डानंद सरस्वती जी महाराज के परम कृपापात्र महंत परम पूज्य स्वामी श्री श्रवणानंद सरस्वती जी महाराज के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का आयोजन विजयनगर दमोह में दिनांक 19 जनवरी 2023 शुक्रवार से 25 जनवरी 2023 गुरुवार तक संपन्न होने जा रहा है। भव्य शोभा यात्रा दिनांक 19 जनवरी दिन शुक्रवार को ठीक 1:00 बजे श्री देव श्यामला धीश प्यासी मंदिर आशीर्वाद गार्डन के पास से प्रारंभ होकर कथा स्थल विजयनगर के लिए पहुंचेगी। आप सभी से निवेदन है कि शोभा यात्रा में शामिल होकर कलश यात्रा को भव्य वनायें और परम पूज्य स्वामी श्री की अमृत वाणी का रसपान जरूर ग्रहण करें।

22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा संबंधी आयोजन को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही सुनिश्चित करने दिये निर्देश

पुष्पांजली टुडे

दमोह। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत आयोध्या में 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा संबंधी आयोजन के दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा है 22 जनवरी तक प्रत्येक मंदिर में जन सहयोग से राम कीर्तन आदि का आयोजन किया जा रहा है। नगरो तथा ग्रामों में राम मण्डलियों को स्थानीय कार्यक्रम मोहल्लों तथा ग्रामों में आयोजित किए जाने हेतु प्रेरित किया जाये। जिले के मुख्य मंदिरों में टी.व्ही स्क्रीन लगाकर आयोध्या के उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाए। उक्त मंदिरों में आयोजनों में आमजनों की सहभागिता हेतु विशेष रूप से आमंत्रित किया जाये तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट/समिति के द्वारा 22 जनवरी को भण्डारों का आयोजन किया जाये। इस हेतु विभिन्न धर्मगुरूओं से भण्डारों के आयोजन किए जाने हेतु समन्वय किया जाये। जिले के प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम-जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन मंदिर के ट्रस्ट/समिति के माध्यम से आमजन हेतु आयोजित किए जायें। उन्होंने कहा नगर में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा गांवों में पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से 21 जनवरी तक विशेष सफाई का अभियान चलाया जाये। सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कॉलेजों में साज-सज्जा की जाये। सभी शासकीय कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी एक सप्ताह तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाये। 21 से 26 जनवरी तक समस्त शासकीय कार्यालयों में रोशनी लाइटिंग की व्यवस्था की जाये। 21 जनवरी तक संस्कृति विभाग द्वारा श्रीरामचरित लीला समारोह कार्यक्रम जिला स्तर पर आयोजित किए जा रहे है। इन कार्यक्रमों में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पटना में भव्य अभिनंदन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री का दायित्व संभालने के बाद उन्होंने आम जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया है। नागरिकों के लिए विभिन्न सुविधाओं का विकास कर उनके जीवन को सहज, सरल बनाने के साथ ही दूसरी महत्वपूर्ण प्राथमिकता उन महापुरूषों के योगदान से नई पीढ़ी को अवगत करवाने का कार्य भी करना है, जिससे भारतीय समाज को संस्कार मिले। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के प्रसंगों को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने की पहल के साथ ही नई शिक्षा नीति में सनातन संस्कृति का पाठ्यक्रमों में समावेश हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सांदीपनी आश्रम उज्जैन में शिक्षा ग्रहण की थी। मध्यप्रदेश में जहाँ-जहाँ भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े हैं, उन स्थानों को तीर्थ स्थान के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पटना में श्री कृष्ण चेतना विचार मंच द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में भाग लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गांधी मैदान स्थित श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विभिन्न संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्पगुच्छ, शॉल व अभिनंदन पत्र भेंट कर तथा मुकुट पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का श्री कृष्ण चेतना विचार मंच के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजेन्द्र प्रसाद, महासचिव (पूर्व आईएएस) डॉ. गोरेलाल यादव, महामंडलेश्वर महंत डॉ. सुखदेव दास, बिहार प्रदेश यादव महासभा, श्री कृष्ण चेतना परिषद, श्री कृष्ण चेतना संघ, श्री कृष्ण विचार मंच, श्री गोपीकृष्ण गो आश्रम, जयपाल सिंह यादव फाउंडेशन के पदाधिकारियों आदि ने स्वागत किया।भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा-दीक्षा हुई उज्जैन में, उनका जीवन धर्म की स्थापना में बीतामुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता सीता की जन्मस्थली बिहार आकर मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं। ऐसी पवित्र धरती को मैं प्रणाम करता हूँ। यह भगवान महावीर स्वामी जी की धरती है, जिससे बिहार की पहचान है। साथ ही सम्राट अशोक की भी धरती है। सम्राट अशोक का मध्यप्रदेश उज्जैन से खासतौर पर अलग तरह का रिश्ता रहा है। हजारों साल से मध्यप्रदेश और बिहार का रिश्ता है। प्राचीन काल से मध्यप्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण रही थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा महाकाल की नगरी में ही भगवान श्री कृष्ण का विवाह हुआ। भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा-दीक्षा भी उज्जैन में हुई। शिक्षा के मामले में हमारा समाज कितना जागृत है, इसका उदाहरण पांच हजार साल पहले भगवान श्री कृष्ण के काल से भी जुड़ता है। जब भगवान श्री कृष्ण ने कंस का वध कर दिया तो ऐसा उदाहरण दुनिया में कहीं

नहीं था जब कोई सत्ताधीश का वध करे और वो सत्ता की कुर्सी पर न बैठे। भगवान श्री कृष्ण हैं जिन्होंने आगे बढ़कर शिक्षा को महत्ता दी। भगवान श्री कृष्ण की विद्यार्थी के नाते भी पहचान है। उज्जैन में भगवान श्री कृष्ण ने 5 हजार साल पहले 14 विद्या और 64 कलाओं और चारों वेद का ज्ञान अर्जित किया। भगवान श्री कृष्ण ने शिक्षा ग्रहण के पश्चात् पूरी शिक्षा का सार और कर्म का ज्ञान गीता के माध्यम से बताया। गीता जो दुनिया में पवित्रतम ग्रंथों में शामिल है। गीता आज भी सबका मार्ग दर्शन करती है। कोई भी क्रांतिकारी हो, आजादी के सिपाही हो, अगर गीता नहीं पड़ी, तो उसका जीवन अधूरा है। जीवन के किसी मार्ग पर जिसने भी बड़ा संकल्प लिया गीता सदैव उसका पाथेय बनकर मार्गदर्शन करती रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम सब भगवान श्री कृष्ण को हमारे वंश का तो मानते ही हैं, लेकिन भगवान श्री कृष्ण की पहचान कैसी है पूरे समाज के अंदर जहां कोई अव्यवस्था दिखे, जहां कोई अधर्म की बात दिखे, अगर किसी ने आगे बढ़कर अधर्म के खिलाफ संघर्ष करने का कदम उठाया तो वह केवल एकमेव भगवान श्री कृष्ण हैं, जिन्होंने अपने पूरे जीवन को धर्म की स्थापना के लिए खपाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं क्षिप्रा के तट से आकर गंगा के तटवासियों को प्रणाम करके उसका स्पंदन और आनंद महसूस कर रहा हूँ। आज के इस दौर में लोकतंत्र को जिंदा रखने में हमारे समाज की भूमिका बहुत बड़ी है। हमें प्रदेश और देश की सेवा के साथ-साथ भारत का मान दुनिया में बड़े उस दिशा में हमें आगे बढ़ने की आवश्यकता है। यही तो हम हजारों से साल से करते आए हैं और यही हमारा कर्तव्य भी है। परमात्मा ने हमें जहां जिस जगह जन्म दिया है एक अनूठा संयोग हमारे साथ जुड़ता है।भारत में गाय के प्रति व्यक्त होता है वास्तविक सम्मानमुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परमात्मा से, प्रकृति से प्रेम करने का उदाहरण अगर कहीं दिखाई देता है तो निश्चित रूप से वह सर्वाधिक यादव समाज से दिखाई देता है, जो गौपालन के माध्यम से अपना जीवन चलाते हैं। परमात्मा के माध्यम से प्रकृति प्रेम को भी दिखाते हैं। जो प्रकृति से प्रेम करता है, जो जीव मात्र से प्रेम करता है, वो ही तो गोपाल हो सकता है। इसके अलावा कौन गोपाल होता है, गोपाल वो नहीं होते, दुनिया में कई देश है हमारे अलावा, अमेरिका, इंग्लैंड में भी गाय माता बहुत सारे लोग पालते हैं, लेकिन उनके पालने के तरीके और हमारे पालने के तरीके में काफी अंतर है। हम अशक्त और बीमार गायों की देखभाल भी करते हैं। उनके हाल पर नहीं छोड़ देते। हम गाय माता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास देखते हैं। गायों में माँ का स्वरूप भी देखते हैं। गौ-माता का वास्तविक सम्मान हमारे देश की संस्कृति है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जेल में जन्म हुआ है। माँ यशोदा ने उन्हें पाल-पोस कर बड़ा किया। वह बालक न कभी डरता है और न भयभीत होता है। दुनिया की चुनौती का सामना करता है और सच्चाई के मार्ग पर चलता है, जो भी आज भी हमें रोमांचित और गर्व से भर देता है। श्रद्धा, भक्ति, आस्था यह ऐसे ही पैदा नहीं होती, इस आस्था, भक्ति, श्रद्धा पैदा करने के लिए समूचे जीवन को एक तरह से दुनिया के सामने प्रदर्शित करने की जिनकी आध्यात्मिक चेतना जीवन भर काम आती है, ऐसे गोपाल कृष्ण की जय-जय कार महसूस कर सकते हैं। प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का श्री कृष्ण चेतना विचार मंच द्वारा स्वागत किया गया। कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने स्नेह, सम्मान और आत्मीयता से डॉ. यादव का स्वागत किया।

एनएचएआई की कमाई बेहतर, लेकिन शिवपुरी से गुना तक का हाइवे राम भरोसे

ग्वालियर। ग्वालियर से शिवपुरी होते हुये गुना की ओर जाने वाले नेशनल हाइवे भले ही तीन जगह टोल पर वसूली कर रहा है लेकिन एनएचएआई की पूरी सडक भगवान भरोसे हैं। इस सडक पर चाहे बस हो या चार पहिया वाहन मुश्किल भरा सफर पूरा कर एनएचएआई को कोसते हुये टोल दे रहे हैं। ज्ञातव्य है कि शिवपुरी से लेकर गुना के बीच में सडक यातायात पिछले लगभग छह माह से अधिक समय से ऐसा ही है। इस पूरी सडक पर जगह जगह छोटे बडे गडढे हैं जिनमें से निकलने पर वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पडता है। वाहन चालकों को इससे भी ज्यादा परेशानी टोल कंपनी द्वारा सडक के नाम पर वसूली करना है। जबकि टोल कंपनी की जिम्मेदारी है कि वह पूरी सडक को सही करे। आगरा से मुंबई तथा भोपाल की ओर जाने वाली एक मात्र शिवपुरी गुना हाइवे दिन रात चलता है इस पर सबसे ज्यादा वाहनों का लोड है लकिन टोल कंपनी अपना मुनाफा तो देख रही है उसे वाहन चालकों और उस पर सवार यात्रियों की सुविधाओं का बिलकुल भी खयाल नहीं है। न ही कंपनी द्वारा ठोस कार्रवाई कर पूरी सडक को ठीक कराया जा रहा है हां एक दो जगह पेच रिपेयर कराकर सडक को दुरूस्त करा दिया गया है बाकी पूरी सडक ऐसे ही आंसू बहा रही है। टोल कंपनी के अधिकारी भी कहने पर कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं है। वह तो फास्ट टेक से पैसे काटकर सरकार की जेबें भरने पर लगे हैं जबकि सडक को ठीक करने की पूरी जिम्मेदारी टोल कंपनी की है। इस सडक पर बस चालक कार चालक खासे परेशानी से सफर पूरा करते हैं। अब देखना है यह राष्ट्रीय राजमार्ग कब तक यूं ही यात्रियों के लिए दुविधा का कारण बना रहेगा इसका इंतजार रहेगा।

ग्वालियर में 19 से 21 जनवरी तक होगा श्रीरामचरित लीला समारोह का आयोजन

ग्वालियर। अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व ग्वालियर जिले में भी श्रीराम कथा के विशिष्ट चरितों पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इस कड़ी में ग्वालियर मेला परिसर में ÷श्रीरामचरित लीला समारोह÷ का आयोजन होगा। राज्य शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। लीला समारोह में प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा श्रीरामचरित पर आधारित विभिन्न लीलाओं का मंचन किया जायेगा। लीला समारोह के तहत



इन तिथियों में हर दिन सायंकाल 6 बजे से विभिन्न लीलाओं का मंचन किया जाएगा। श्रीरामचरित लीला समारोह के अंतर्गत 19 जनवरी को हिमांशु द्विवेदी के निर्देशन में ÷निषादराज गुहा लीला÷ का मंचन होगा। इसी तरह 20 जनवरी को सतीश दवे उज्जैन द्वारा निर्देशित ÷श्री हनुमान लीला÷ का मंचन किया जाएगा। लीला समारोह के तहत 21 जनवरी को सुश्री गीतांजलि गिरवाल के निर्देशन में ÷भक्तिमति शबरी लीला÷ का मंचन किया जायेगा।

हाई रिस्क ग्रुप की महिलाओं के वोटरकार्ड, आधारकार्ड एवं सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं से लाभान्वित करने लगाया गया शिविर

ग्वालियर 7 मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के माध्यम से आदर्श समाज सेवा शिक्षा समिति द्वारा हाई रिस्क ग्रुप की महिलाओं के वोटरकार्ड, आधारकार्ड तथा सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी निर्वाचन आयोग श्रीमती विनीता जैन तथा अध्यक्ष के रूप में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एल के पाण्डेय और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विधिक अधिकारी दीपक शर्मा, बेटी है तो कल है संस्था की श्रीमती वंदना भूपेन्द्र प्रेमी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती विनीता जैन ने इस अवसर पर कहा कि हाई रिस्क ग्रुप की महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा से जो?ना शासन की प्राथमिकता है। इस कार्य में आदर्श समाज सेवा शिक्षा समिति कई वर्षों से सराहनीय कार्य कर रही है। समुदाय की महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा योजना से जो?ने का एक नेक कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में परियोजना प्रबंधक पवन कुमार नरवरिया द्वारा एचआईव्ही के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में ब?ी संख्या में महिलाओं के वोटरकार्ड, आधारकार्ड एवं सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं के संबंध में लाभान्वित किया गया

राम मंदिर के साथ भाजपा चुनावी मोड में, कभी भी हो सकते हैं चुनाव

भोपाल। केन्द्र सरकार राम मंदिर का कार्य पूर्ण होने के बाद पूरी तरह से चुनावी मोड में आ सकती है। राम मंदिर के कार्य के साथ ही फरवरी में आम चुनावों की अनुशंसा कर सकती हैं। इसके बाद निर्वाचन आयोग मार्च या अप्रैल में कभी भी चुनावों की तिथियों का ऐलान कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक केन्द्र के सभी मंत्रियों व सत्तारू? भाजपा के सभी सांसदों को भी भाजपा आलाकमान ने इशारा कर दिया है कि वह ज्यादा से ज्यादा अपने संसदीय क्षेत्र में ही रहे और कार्यकर्ताओं व आम जनता से संपर्क में भी रहे। कुल मिलाकर मोदी सरकार अपने काम के बदले अब फिर जनता के बीच आम चुनावों के माध्यम से जाने की तैयारी कर रही है। इस बार सरकार के मुखिया सहित पार्टी मुखिया व आलाकमान ने 400 पार सीटों का लक्ष्य सामने रखा है। वैसे भी राममंदिर का कार्य पूरा होने से भाजपा के हौसले बुलंद है और कार्यकर्ता भी चुनावी रण के लिये तैयार हैं।

जीवन को आनंदमय बनाने के लिए अपने भीतर के बचपन को सदैव जिंदा रखें: कलेक्टर

ग्वालियर 7 अपने भीतर के बचपन को सदैव जिंदा रखोगे तो निश्चय ही जीवन आनंदमय होगा। साथ ही इच्छाओं के भ्रम जाल में मत फसो, क्योंकि इच्छाएँ अनंत होती हैं। आज के दिन को ही सबसे महत्वपूर्ण दिन मानकर और किसी काम को छोटा या बड़ा न समझकर अच्छे से काम को पूरा करने वाले लोगों को आनंद की अनुभूति होती है। इस आशय के विचार कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने बीएड एवं एमएड की पढ़ाई कर रहे शिक्षकों से संवाद के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि शैक्षणिक कार्य के प्रति आप सब गर्व का अनुभव करें। शिक्षादान से बड़ा कोई कार्य नहीं हो सकता। कलेक्टर सिंह गुरूवार को अचानक शासकीय शिक्षा महाविद्यालय पहुँचे और महाविद्यालय के प्राचार्य को परिचय देते हुए कहा कि मैं ग्वालियर कलेक्टर हूँ। कलेक्टर को अचानक अपने सामने पाकर महाविद्यालय के प्राचार्य भी आश्चर्यचकित हुए बिना नहीं रह सके। यहाँ अध्ययनरत शिक्षकों से अपने अनुभवों और जीवन जीने की कला को साझा करने आया हूँ। कलेक्टर शिक्षा महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में पहुँचे और इसके बाद एक हॉल में बैठकर शिक्षकों से जीवन जीने की कला पर विस्तृत संवाद किया। कलेक्टर सिंह ने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि यदि आप शैक्षणिक कार्य को स्वाभिमान के भाव के साथ करेंग

भोपाल को स्पोर्ट्स टूरिज्म हब बनाया जायेगा :खेल मंत्री

भोपाल । खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि भोपाल को स्पोर्ट्स टूरिज्म का हब बनाने के प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने आज राज्य शूटिंग अकादमी का अवलोकन किया। अवलोकन के बाद उन्होंने नाथू बरखेड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जानकारी भी ली।

मंत्री सारंग ने टूरिज्म विभाग के साथ कार्य-योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा और आदिम जाति कल्याण विभाग से समन्वय कर खेल में एक साथ प्रतिभाओं को तराशने को कहा। मंत्री सारंग ने खेल गतिविधियों के लिये नये स्थान चयनित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि युवाओं को शहर के विभिन्न स्थानों पर खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिये भी कार्य किया जाना होगा। मंत्री सारंग ने फायर रेंज, 10 मीटर, 25 मीटर और 50 मीटर रेंज के साथ शॉटगन रेंज का अवलोकन किया। उन्होंने प्रत्येक रेंज पर खिलाड़ियों से बात कर उनका उत्साहवर्धन किया। सारंग ने प्रशिक्षकों से खिलाड़ियों की प्रगति के बारे में जाना और खेल प्रतिभा में निखार के लिये यथासंभव सुविधाएँ उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मंत्री सारंग ने भी 10 मीटर और शॉटगन रेंज पर निशाना साधा।सचिव भारतीय रायफल संघ राजीव भाटिया ने बताया कि वर्तमान में राज्य शूटिंग अकादमी में 8 से 22 जनवरी तक रायफल, पिस्टल इण्डिया बी टीम के राष्ट्रीय ट्रॉयल चल रहे हैं। कोलॉज डिजाइन्स ऑर्किटेक्ट संजय यादव ने नाथू बरखेड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की प्रगति की जानकारी दी। निरीक्षण के

दौरान अपर मुख्य सचिव सुश्री स्मिता भारद्वाज, संचालक रवि कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक बी.एस. यादव, शूटिंग अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक अर्जुन अवार्डी जॉयदीप कर्माकर और पी.एन. प्रकाश के साथ अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी, ग्राम गौरा में 37 एकड़ भूमि पर निर्मित की गई है। म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी में देश की सबसे अच्छी शूटिंग खेल की सुविधा राज्य शासन ने निर्मित की है। शूटिंग अकादमी भोपाल में 10 मीटर की 70 लेन, 25 मीटर की 50 लेन और 50 मीटर की 60 लेन की अत्याधुनिक शूटिंग रेंज बनाई गई है। कैम्पस में शॉटगन की भी विश्व-स्तरीय 5 रेंज निर्मित की गई हैं। इनमें 3 पूर्णत- तैयार और 2 प्रगतिरत हैं।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478